इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण


"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

पाठकों को बधाई...



आज अवकाश



कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आज 24 नवंबर 2026 को 'दैनिक दावा' कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 26 नवंबर 2026 को प्राप्त होगा। - **व्यवस्थापक**

प्रकाश पर्व एवं कार्तिक पूर्णिमा की समस्त सुधि पाठकों एवं प्रतिनिधियों व विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।- **सम्पादक**

वर्ष- 46 अंक - 09 राजनांदगांव, मंगलवार 24 नवंबर 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

पीएम मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन शाह को दिए रामायण पेंटिंग और गंगाजल, अयोध्या-जनकपुर ट्रेन सेवा की शुरुआत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह (बालेन शाह) के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान उन्हें भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत से जुड़े खास उपहार भेंट किए। इनमें संपूर्ण रामायण को दर्शाती कलमकारी पेंटिंग, बनारसी ब्रोकेड का स्टोल और वाराणसी का गंगाजल शामिल है। इस दौरान दोनों नेताओं ने अयोध्या से नेपाल के जनकपुर धाम के बीच नई ट्रेन सेवा का भी वर्चुअली उद्घाटन किया।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

पीएम मोदी ने बालेन शाह को भेंट की संपूर्ण रामायण की कलमकारी पेंटिंग

प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दिए गए प्रमुख उपहारों में भगवान राम के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाती संपूर्ण रामायण की कलमकारी पेंटिंग शामिल रही। इसमें भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास, रावण पर विजय और अयोध्या वापसी तक की यात्रा को दर्शाया गया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कलाकृति आंध्र प्रदेश की पारंपरिक श्रीकालहस्ती शैली में तैयार की गई है। इसे सूती कपड़े पर हाथ से बनाया गया है। पेंटिंग में बांस की कलम और प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया गया है। यह भारतीय पारंपरिक चित्रकला, धार्मिक कला और शिल्प कौशल का उदाहरण है। इस पेंटिंग का भारत-नेपाल संबंधों में भी विशेष महत्व है।

बनारसी स्टोल और गुजराती सदेली बॉक्स भी किया भेंट

पीएम मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री को वाराणसी का बनारसी ब्रोकेड स्टोल भी भेंट किया। इसे गुजरात के पारंपरिक सदेली बॉक्स में रखकर दिया गया। रेशम से बने इस स्टोल पर कुशल बुनकरों ने बारीक डिजाइन और चमकदार जरी का काम किया है। वहीं, सदेली बॉक्स में ज्यामितीय आकृतियों और लकड़ी पर बारीक नक्काशी के जरिए गुजरात की पारंपरिक शिल्पकला को प्रदर्शित किया गया है। इस उपहार में बनारस की पारंपरिक बुनाई और गुजरात की सदेली कला का अनूठा संगम देखने को मिला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने सोमवार को अयोध्या और *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

वाराणसी के गंगाजल से शिवभक्ति और सांस्कृतिक संबंधों का संदेश

प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह को पीतल के कलश में वाराणसी का गंगाजल भी भेंट किया। यह जल काशी विश्वनाथ मंदिर के पास गंगा से लिया गया था। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस उपहार का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। वाराणसी के बाबा विश्वनाथ और काठमांडू के भगवान पशुपतिनाथ, दोनों ही भगवान शिव के पूजनीय स्वरूप हैं। गंगाजल का यह उपहार भारत और नेपाल के गहरे धार्मिक और सभ्यतागत संबंधों का प्रतीक है।

इसके जरिए दोनों देशों के बीच शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक एकता की कामना भी व्यक्त की गई। अयोध्या को भगवान राम की जन्मभूमि और जनकपुर को माता सीता की जन्मभूमि के रूप में श्रद्धा से देखा जाता है। ऐसे में यह कलाकृति दोनों स्थानों के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाती है।

'वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से गरीबों को होगा फायदा' – किरेन रिजिजू



श्रीनगर। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने श्रीनगर दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड के काम-काज और उसकी पहलों की तारीफ की। इसके साथ ही रिजिजू ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन पर और इससे गरीबों को होने वाले फायदे पर भी बात की।

वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से गरीबों को होगा फायदा

भारत में कुल वक्फ संपत्तियों पर बात करते हुए रिजिजू ने कहा, ÷देश में 9 लाख से ज़्यादा वक्फ संपत्तियाँ हैं। अगर इन सभी वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय की भलाई के लिए किया जाए, तो इससे पूरे मुस्लिम समुदाय की स्थिति बदल सकती है। खास तौर पर ज़रूरतमंद, बेसहारा और गरीब लोगों को बहुत बड़ी मदद मिल सकती है, अगर इन सभी वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन उनकी भलाई के लिए किया जाए। वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन से गरीबों को फायदा होगा।

नया वक्फ कानून लागू होने के बाद वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में आया सुधार

वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के बारे में बात करते हुए रिजिजू ने कहा, ÷कई लोगों ने वक्फ बोर्ड और वक्फ संशोधन को लेकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की थी। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आ?ादी है, लेकिन मैंने संसद में वादा किया था कि नया वक्फ कानून लागू होने के बाद वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में काफी सुधार आएगा और ऐसा ही हुआ। मुझे खुशी है कि आज मैं श्रीनगर में हूं और मुझे यह बताते हुए बहुत ?ुशी हो रही है कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड का प्रबंधन और कामकाज भारत में नंबर 1 है। मैं उनकी पूरी टीम को बधाई देता हूं। उनके द्वारा किया गया काम सामान्य लोगों के लिए फायदेमंद होगा।÷

नर्सिंग एंड मेडिकल कॉलेज का किया उद्घाटन

रिजिजू ने आज श्रीनगर के काठीदरवाजा में बीबी हलीमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

विदेशों में भारत को बदनाम करने का ठेका ले रखा है, रविशंकर प्रसाद का राहुल गांधी पर तंज



नई दिल्ली ,23 नवंबर (आरएनएस)। भाजपा सांसद और वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विदेशी दौरे के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर जाकर भारत को बदनाम करने का ठेका लिया है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने लोवी इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट का जिक्र करते हुए राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश यात्रा पर हैं और देश के बारे में भारी अज्ञानता दिखा रहे हैं। वे भारत को सबसे खराब रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, आज मैं सभी का ध्यान ऑस्ट्रेलिया के एक थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट की एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ताजा रिपोर्ट की ओर दिलाना चाहता हूं। ऑस्ट्रेलिया स्थित लोवी इंस्टीट्यूट एक स्वतंत्र संस्था है, जिसकी स्थापना 2003 में फ्रैंक लोवी ने की थी। यह संस्था वैश्विक रणनीतिक और आर्थिक रुझानों का अध्ययन करती है। इसकी हालिया रिपोर्ट एशिया पावर इंडेक्स 2026 है। इस संस्थान ने 131 संकेतकों के आधार पर एशिया के 27 देशों का अध्ययन किया है। इस विस्तृत रिपोर्ट में भारत को 40.5 अंक मिले हैं, जो 2018 के मूल्यांकन में मिले अंकों की तुलना में एक सुधार है। इसकी कुछ मुख्य बातें साझा करना चाहूंगा। भारत एशिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभरा है। भाजपा नेता ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, यह भारत के राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव में हुई वृद्धि को दर्शाता है, जो उसकी आर्थिक क्षमता और स्थिरता का परिणाम है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

मथुरा की शादी में 2 करोड़ की नोटों की मालाएं : 100 फीट लंबी मालाएं पहनकर छत पर खड़े हुए दो दूल्हे



मथुरा। उत्तरप्रदेश के मथुरा जिले में एक शादी समारोह ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। सुरीर थाना क्षेत्र के नगला फोंदा गांव में दो चचेरे भाइयों की घुड़चढ़ी के दौरान उनके जीजा ने ऐसा तोहफा दिया कि मेहमान और ग्रामीण हैरान रह गए। दोनों दूल्हों को 500 रुपये के नोटों से बनी करीब 100-100 फीट लंबी मालाएं पहनाई गईं। दावा है कि प्रत्येक माला की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है। यानी कुल दो करोड़ रुपये की ये नोटों वाली विशाल मालाएं अब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गई हैं।

छत पर चढ़कर पहनी गईं विशाल मालाएं

शनिवार को गांव नगला फोंदा में प्रशांत और कान्हा राघव की घुड़चढ़ी निकाली जा रही थी। दोनों योगेंद्र सिंह और कुशलपाल सिंह के बेटे हैं। उनके जीजा योगेश कुमार ठाकुर उर्फ भूरा ठाकुर राजस्थान के कामां क्षेत्र के नंदोला गांव के सरपंच हैं। उन्होंने दोनों सालों को अलग-अलग 500 रुपये के नए नोटों से बनी विशाल मालाएं भेंट कीं। मालाएं इतनी लंबी और भारी थीं कि एक-दो लोगों के बस की बात नहीं थी। कई लोगों ने मिलकर इन्हें संभाला। दोनों दूल्हों को घर की छत पर खड़ा किया गया और वहीं से ये 100 फीट लंबी मालाएं उनके गले में डाली गईं। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मालाएं जमीन तक लटकी हुई हैं और लोग उन्हें थामे खड़े हैं। मौके पर मौजूद रिश्तेदार और ग्रामीण इस अनोखे नजारे को देखकर दंग रह गए। कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गया। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर पश्चिम बंग करने को मंजूरी, 9 दिसंबर को विधानसभा में पेश होगा प्रस्ताव



कोलकाता ,23 नवंबर (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने सोमवार को राज्य का नाम पश्चिम बंगाल से बदलकर पश्चिम बंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने मीडिया को बताया, इस संबंध में एक प्रस्ताव को आज एक बैठक में मंजूरी दी गई है। इसी प्रस्ताव को 9 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य विधानसभा से मंजूरी मिलने के बाद, इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 4 से 14 दिसंबर तक चलेगा।

संबंधित अधिकारियों के अनुसार, प्रशासनिक कारणों से राज्य का नाम बदलने का विचार काफी समय से चल रहा है। इसके पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण हैं। केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारों की बैठकों में, राज्यों के प्रतिनिधियों को अंग्रेजी वर्णमाला (अल्फाबेटिकल ऑर्डर) के क्रम में बोलने का मौका दिया जाता है। इस वजह से, ऐसी सभी बैठकों में पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों को हमेशा सबसे अंत में बोलने का अवसर मिलता था।

पिछले महीने, पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने दावा किया था कि राज्य सरकार जल्द ही एक विधेयक पेश करेगी, जिसके तहत पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर सभी भाषाओं में पश्चिम बंग कर दिया जाएगा।पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की कोशिश सबसे पहले 1999 में तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय ज्योति बसु के नेतृत्व वाली वाम मोर्चे (लेफ्ट फ्रंट) की सरकार ने शुरू की थी। उस समय राज्य का नाम बदलकर *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

देश की पहली बुलेट ट्रेन चलने का रास्ता साफ, स्पीड से रूट और स्टेशन तक की पूरी डिटेल



नई दिल्ली। देश में पहली बार 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के चलाने का रास्ता साफ हो गया है। परियोजना अब ट्रायल की ओर बढ़ रही है। मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के सूरत-बिलिमोरा खंड में मई 2027 से ट्रेन का परीक्षण शुरू करने की तैयारी है और पहली यात्री सेवा अगले वर्ष की अंतिम तिमाही में शुरू हो सकती है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुलेट ट्रेन की प्रगति बताया और कहा कि इस 50 किलोमीटर लंबे खंड पर विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। सिग्नलिंग का काम जनवरी 2027 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के पूरा होने पर दोनों प्रमुख केंद्रों के बीच यात्रा का समय घटकर करीब एक घंटा 58 मिनट रह जाएगा।

सूरत-बिलिमोरा खंड मुंबई-अहमदाबाद कारिडोर का पहला हिस्सा होगा, जहां बुलेट ट्रेन का परीक्षण किया जाएगा। इस खंड पर 20 नवंबर को अप और डाउन लाइनों के एलिवेटेड ट्रैक पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक उपकरणों (ओएचई) को चालू कर दिया गया। यानी ट्रेन को बिजली आपूर्ति करने वाली व्यवस्था तैयार है। आधुनिक ट्रैक्शन सिस्टम लगा दिया गया है। पूरे 508 किलोमीटर के कॉरिडोर में बिजली वितरण के लिए 14 ट्रैक्शन सब-स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इनसे मिलने वाली बिजली की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण केंद्र के जरिए की जाएगी।

रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि बुलेट ट्रेन परियोजना को अलग-अलग चरणों में चालू किया जाएगा। 2027 के अंत तक अहमदाबाद से वापी के बीच का हिस्सा तैयार करने का लक्ष्य है। मुंबई की तरफ ठाणे तक बुलेट ट्रेन सेवा 2029 तक पहुंचने की उम्मीद है। महाराष्ट्र वाले हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इसमें समुद्र के नीचे बनाई जा रही सुरंग भी शामिल है। आसपास के रिहायशी इलाकों में तेज रफ्तार ट्रेन के शोर का असर कम करने के लिए इस हिस्से में करीब 94 हजार नाइज बैरियर लगाए गए हैं। रेल मंत्री के अनुसार शुरुआती ट्रायल के लिए बी-28 ट्रेन का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे अधिकतम 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने के लिए तैयार किया गया है। 240 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रफ्तार वाली ट्रेनें हाई-स्पीड श्रेणी में आती हैं। ऐसी ट्रेनों के लिए सामान्य रेल लाइनों की तुलना में अत्यधिक मजबूत और विशेष तकनीकी मानकों वाले ढांचे की जरूरत होती है। वैष्णव ने बताया कि तेज रफ्तार से चलने के दौरान ट्रेन के आसपास हवा के दबाव में काफी बदलाव आता है। इससे ट्रेन के डिब्बों और रेल ढांचे पर भी दबाव पड़ता है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

जामा मस्जिद थाना चाकूबाजी मामले में पुलिस का बयान आया सामने, फायरिंग में आरोपी के पैर में लगीं 6 गोलियां



नई दिल्ली। दिल्ली के जामा मस्जिद थाने में पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि एक मां बेटी की शिकायत पर आरोपी को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाया गया था। जहां उसने पुलिसकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गया। इसके बाद पुलिस जब उसकी तलाश में जुटी तो एक बार फिर से आमना-सामना होने पर उसने पुलिसकर्मियों पर वार किया। पुलिस ने उसे काबू करने के लिए 8 राउंड फायरिंग की जिसमें से उसे 6 गोलियां लगी।

मां और बहन ने दर्ज कराई शिकायत

पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे जामा मस्जिद थाने में कला महल निवासी नबील (उम्र लगभग 30 वर्ष) की शिकायत दर्ज कराने एक मां और बेटी आए। पुलिस ने काउंसलिंग के लिए उसे थाने बुलाया गया था। लेकिन पुलिसकर्मियों से बातचीत के दौरान आरोपी ने अचानक चाकू निकाला और थाने के अंदर मौजूद पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया, जिससे उनके चेहरे और गर्दन पर चोटें आईं।

हमले में घायल हुए पांच पुलिसकर्मी

इस हमले में सब-इंस्पेक्टर अजय, सब-इंस्पेक्टर अरविंद और हेड कांस्टेबल हरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एएसआई श्रीकृष्ण और हेड कांस्टेबल बलजीत को भी चोटें आईं। सभी पांचों घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले के बाद आरोपी थाने से फरार हो गया और भागने के लिए उसने एक आम नागरिक से बाइक को छिन लिया।

चार पुलिसकर्मियों को दोबारा किया घायल

फरार आरोपी को पकड़ने के लिए एएटीएस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने उसे ट्रैक किया और चांदनी महल थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाले चितली कब्र के पास उसे देख लिया। शाम करीब 4:30 बजे जब पुलिस टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की, तो आरोपी ने फिर से पुलिसकर्मियों पर फिर से चाकू से हमला कर दिया, जिसमें स्पेशल स्टाफ के चार सदस्य कांस्टेबल अंकित, कांस्टेबल जयंत, कांस्टेबल लोकेश और कांस्टेबल परमिंदर घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

रक्षा बलों और सीएपीएफ के व्हाट्सएप ग्रुप में मिले पाकिस्तानी एजेंट, सुरक्षा एजेंसियों ने दिए ऑडिट के आदेश



नई दिल्ली। भारतीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों ने बड़ी साइबर सुरक्षा का खुलासा किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सोमवार को अधिकारियों से हवाले से बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और रक्षा नागरिक अधिकारियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले लगभग 13-14 निजी व्हाट्सएप ग्रुपों में घुसपैठ कर ली है। इस खुलासे के बाद एजेंसियों ने सोशल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म्स का व्यापक ऑडिट करने का आदेश दिया है।

भारतीय नंबरों का सहारा लेकर हुए शामिल

अधिकारियों के मुताबिक, ये संदिग्ध एजेंट भारतीय मोबाइल नंबरों का सहारा लेकर इन ग्रुपों में शामिल हुए थे। वे ग्रुपों में साइलेंट मेंबर यानी बिना कुछ बोले सक्रिय रूप से जुड़े रहने वाले सदस्य बने रहे और वहां होने वाली चर्चाओं तथा साझा किए जाने वाले दस्तावेजों पर लगातार नजर रखते थे। इसे संवेदनशील सुरक्षा कार्यों में तैनात कर्मियों को निशाना बनाकर चलाया जा रहा एक लक्षित साइबर जासूसी अभियान माना जा रहा है।

घुसपैठ का मामला सामने आने के बाद सुरक्षा बलों और रक्षा-नागरिक संगठनों को अपने सोशल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म्स, जिनमें चिन्हित व्हाट्सएप ग्रुप भी शामिल हैं, का गहन ऑडिट करने और संदिग्ध व अनजान सदस्यों को तुरंत हटाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि ऐसे अनधिकृत या सार्वजनिक मंचों पर कोई भी आधिकारिक या गोपनीय जानकारी साझा न की जाए।

सख्ती से दिशानिर्देश लागू करने पर जोर

पीटीआई के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साइबर सुरक्षा से जुड़े मौजूदा दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया है और इस घटना के मद्देनजर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह की गोपनीय सूचना या डेटा साझा न करने की हिदायत दी गई है।

यह ताजा अलर्ट उस घटना के बाद सामने आया है, जब अधिकारियों ने रक्षा-नागरिक अधिकारियों के एक व्हाट्सएप ग्रुप में एक संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को पकड़ा, जो खुद को सोनिया नाम की डीआरडीओ वैज्ञानिक बताकर ग्रुप में जुड़ा था। अधिकारियों को आशंका है कि इस ग्रुप में पैसों के बदले कुछ संवेदनशील जानकारी साझा की गई है।

'राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं', एनवीडिया में जेनसन की वापसी, सीईओ हुआंग बोले- भरोसे के लिए थैंक्स



वाशिंगटन। दुनिया की दिग्गज चिप और एआई कंपनी एनवीडिया के सह-संस्थापक जेनसन हुआंग एक बार फिर कंपनी की कमान संभालने जा रहे हैं। इस्तीफा देने के दो हफ्ते से भी कम समय में कंपनी के बोर्ड ने सर्वसम्मति से उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रेसिडेंट, सीईओ और बोर्ड डायरेक्टर के पद पर बहाल करने का फैसला किया है।

बोर्ड ने बयान जारी कर कहा कि हुआंग के साथ कई दौर की बैठकों के बाद वे उनकी स्पष्टवादिता और नेतृत्व क्षमता से पूरी तरह संतुष्ट हैं। इसके साथ ही, अमेरिकी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिले फीडबैक के बाद बोर्ड ने भरोसा जताते हुए कहा है कि हुआंग की वापसी से राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।

बता दें कि एनवीडिया बोर्ड का यह कदम अपने ही पुराने रुख से 180 डिग्री का यू-टर्न है। इससे पहले 12 नवंबर को हुआंग ने 33 साल तक सीईओ रहने के बाद पद छोड़ दिया था। यह कदम उन रिपोर्ट्स के सामने आने के कुछ दिनों बाद उठाया गया था, जिनमें कहा गया था कि वे एक विदेशी खुफिया अभियान के निशाने पर थे और उनका नाम एक ऐसी महिला से जोड़ा गया था जिसे अमेरिकी अधिकारी चीन की जासूसी एजेंसी से जुड़ा मानते हैं।

हुआंग के जाने के बाद कंपनी की सीएफओ कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ बनाया गया था और नए सीईओ की तलाश के लिए एक बड़ी रिक्रूटमेंट फर्म को भी काम सौंपा गया था। पिछले मंगलवार को ही तीसरी तिमाही के नतीजों की बैठक में बोर्ड चेयरमैन हार्वे सी. जोन्स ने साफ कहा था कि बोर्ड की हुआंग को वापस लाने की कोई योजना नहीं है। दूसरी ओर, हुआंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि यदि बोर्ड चाहेगा तो उन्हें वापसी कर खुशी होगी। हालांकि गौर करने वाली बात यह भी है कि एलन मस्क समेत टेक जगत की कई हस्तियों ने भी सार्वजनिक रूप से उनकी बहाली की मांग की थी। हुआंग की वापसी के फैसले के बाद बोर्ड चेयरमैन हार्वे सी. जोन्स ने कहा कि बोर्ड का मानना है कि एनवीडिया का नेतृत्व करने के लिए जेनसन ही सही व्यक्ति हैं और उनकी बहाली हमारे शेयरधारकों, कर्मचारियों, साझेदारों और ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है। उन्होंने अंतरिम सीईओ के रूप में काम करने के लिए कोलेट क्रेस का आभार भी जताया, जो अब फिर से एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और सीएफओ की जिम्मेदारी संभालेंगी। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

पहला कॉलम...

विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव सहित निगम पदाधिकारियों ने दी प्रकाश पर्व की बधाई



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे एवं महापौर मधुसूदन यादव ने गुरूनानक जी के जन्मदिवस प्रकाश पर्व पर सिक्ख समाज को अपनी शुभकामनाए दी है। उन्होंने गुरूनानक जी के जन्मदिवस प्रकाश पर्व की बधाई देते हुये नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति व स्नेह की कामना की है। अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि श्री गुरूनानक देव के रूप में धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके सत्य, प्रेम, सदभावना, भाईचारे के सिद्धांत एंव संदेश आज भी मानव समाज के लिये उतने ही अधिक मार्गदर्शक है जितना की गुरूनानक जी के दौर के समय थे।

निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिछे, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, सुनील साहू, राजेश जैन रानू, श्रीमती बिना ध्रुव, शैंकी बग्गा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती केवरा विजय राय एवं डीलेश्वर प्रसाद साहू, सहित वरिष्ठ सभापति श्रीमती खेमिन यादव, कनिष्ठ सभापाति संदीप बघेल, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन, संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं सेवक राम उइके, पार्षदों तथा नामांकित पार्षदो ने भी नागरिकों को प्रकाश पर्व पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए, गुरूनानक जी के संदेशो को आत्मसात कर इस पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है।

अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर बाल-बच्चों के साथ अनशन में बैठा परिवार



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम कार्यालय के पास तीन परिवारों ने अपने बाल बच्चों के साथ अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दी है। सोमवार 23 नवंबर से अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे पीड़ित परिवारों का कहना है कि निगम द्वारा उन्हें कई सालों से घुमाया जा रहा है। निगम में किम करने वाले पिड़ितो के पति व किसी के ससुर के निधन हो जाने के बाद भी उनके परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा रही है। डॉ रमनसिंह से लेकर महापौर मधुसूदन यादव व निगम आयुक्त सहित निगम के। अधिकारियों का चक्कर काट काट कर थक चुके पीडितो का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती वे अपने परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे। निगम के सामने धरना प्रदर्शन करने बैठी सविता बघेल ने बताया कि उनका ससुर निगम में कार्यरत थे। जिनका निधन होने के बाद से 8 साल से उनकी अनुकंपा नियुक्ति के लिए भटक रहे हैं। उसका पति आदर्श बघेल बेरोजगार हैं। उनके बच्चे सिकलिंग वाले हैं जिनके खून के लिए उन्हें हमेशा पैसो की जरूरत होती है। उनके ससुर के स्थान में अनुकंपा नियुक्ति के लिए डा रमनसिंह से लेकर महापौर मधुसूदन यादव के पास तक जा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 8 साल से नौकरी के लिए भटक रहे हैं। अंत में थक हार कर उन्हें मजबूर अपने बाल-बच्चों के साथ भूख हड़ताल में बैठना पड़ रहा है।

पीड़िता परवीन डोंगरे ने बताया कि उसके पति गोपी डोंगरे नगर निगम में सुपरवाइजर थे। 15 अगस्त 2021 में उनका निधन हो गया। तब से वह उनके स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए भटक रही है। उन्होंने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति का शासकीय आदेश आ चुका हैं। हाईकोर्ट से आदेश आ गए हैं। इस संबंध वह महापौर मधुसूदन यादव, व निगम आयुक्त से मिल चुकी है इसके बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस तरह देखा जाए तो अपने परिजनों की मृत्यु के बाद उनके स्थान पर अनुकंपा नियुक्ति पाने मृतक के परिजन दर-दर को भटक रहे हैं। कहीं कोई उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। अंत में थक हार के तीन परिवारों ने अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए अपने बाल बच्चों को लेकर निगम के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए आमरण अनशन का मोर्चा खोल दिया है।







आज कार्तिक पुन्नी मोहारा मेला, शिवनाथ में लगेगी आस्था की डूबकी

स्नान ध्यान, दान-पुण्य का बना रहेगा माहौल, नदी के अथाह जल राशि में होगा दीपदान

राजनांदगांव (दावा)। अंचल का सुप्रसिद्ध मेला, मोहारा मंडई आज झूम कर भरने जा रहा है। वैसे शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ पर प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा को लगने वाला मोहारा मेले की शुरुआत 23 नवंबर से हो चुकी है। आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शिवनाथ नदी में पूण्य स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े पड़ेंगे। आज मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में ही कंपकंपाते ठंड में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवनाथ नदी के पवित्र जल में पूण्य स्नान करेंगे। नदी में पवित्र आस्था की डूबकी लगाई जायेगी और नदी के जल में दीपदान किए जाएंगे।

संस्कार धानी के मूर्धन्य साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के शब्दों में कहें तो सैकड़ों की संख्या में इस दीप दान से नदी की पवित्र जल धारा में झलमला का आलोक दृश्य मान हो उठेगा जो आंखों व मन को सुकून देने वाला साबित होगा। नदी में पवित्र स्नान के दौरान कही कोई अप्रिय स्थिति न बननी पाए इसलिए घाट पर रौशनी की समुचित व्यवस्था ,सुरक्षा हेतु पुलिस व गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। इनकी ही देखरेख में लोग स्नान करेंगे। बता दें कि सनातन धर्म में कार्तिक पून्नी स्नान का बड़ा महत्व है। इस दिन खास कर नदी के किनारे मंडई-मेला भरता है। यदि मौसम ने साथ दिया तो जिले के सुप्रसिद्ध मोहारा मेले में भी आज लोगों की भीड़ उमड़ेगी। शिवनाथ नदी के जल में पवित्र स्नान कर नदी तट स्थित भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना व बाहर बैठे याचको में दान-पुण्य का माहौल बना रहेगा। इस बार मोहारा मेले में तीन दिनों तक लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखरी रहेगी। पहले दिन सोमवार को गुरुर क्षेत्र की संस्था सोनहा बादर के कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुति दी वहीं आज मंगलवार पून्नी मेले के दिन रायपुर के तिलक राजा की संस्था लोकधारा की रंगझाझर प्रस्तुति होगी।

मोहारा मेले की बिखरेगी मनोहारी छटा

शिवनाथ नदी के तट पर तीन दिनों तक चलने वाले मोहारा मेले की आज मनोहारी छटा बिखरेगी। सुबह नदी में पवित्र स्नान के बाद देव- दर्शन व दान-पुण्य के बाद मेले का आनंद लिया जाएगा। लोग अपने घर परिवार के साथ आक्सीजोंन क्षेत्र व मेला स्थल में पिकनिक मनाने भी पहुंचेंगे। शहर सहित आसपास के गांव-देहात व नजदीक के जिले से पहुंचे बड़ी संख्या में मेला प्रेमियों की भीड़ का रेला रहेगा। दोपहर से लेकर देर शाम रात तक मेले की रौनक बिखरी रहेगी।मेले में लगे हवाई झूले, ड्रेगन ट्रेन,सर्कस,देशी झूलें रइचूली, ढेलवा आदि का आनंद लिया जाएगा। वहीं बच्चे ट्राय ट्रेन, जंपिंग नेट,का आनन्द सहित खिलौने, मिठाईयां गन्ने भगवानी मिठाई आदि खरीद कर मजा लेंगे। मेले का आनंद लेने युवक युवतियां सहित हर वर्ग के लोगों की भीड़ रहेगी।

महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि मोहारा मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आस्था व लोक परंपरा और सामाजिक मेल-मिलाप का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने नागरिकों से मोहारा मेले में पहुंच कर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित मेले का आनंद लेने की अपील की है।

संजू गायधने बने बजरंग व्यायाम शाला के नए अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। बजरंग व्यायामशाला की आम बैठक सभी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम व्यायामशाला के वार्षिक आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने चर्चा कर अपनी सहमति प्रदान की। इसके पश्चात आगामी सत्र के सुचारू संचालन हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बजरंग व्यायाम शाला के कोच घनश्याम श्रीरंगे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नवगठित कार्यकारिणी में संजू गायधने को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर संतोष हटवार एवं गुड्डू जैन, सचिव पद पर मोहन चुनमुंकर, उपसचिव पद पर लाली जैन और कोषाध्यक्ष पद पर मुन्ना अग्रवाल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए व्यायामशाला के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

जनपद पंचायत राजनांदगांव के साधारण सभा की बैठक 26 नवम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के साधारण सभा की बैठक 26 नवम्बर 2026 को दोपहर 1 बजे जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्षा में आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

मितानिन दिवस पर शहरी मितानिनों का ऋषि शास्त्री ने किया सम्मान, नीम का पौधा लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

साड़ी, कलम एवं मिठाइयां भेंटकर मितानिन बहनों का बढ़ाया मान-सम्मान, उनके सेवा कार्यों की सराहना की

राजनांदगांव (दावा)। मितानिन दिवस के अवसर पर सोमवार को गौरव पथ स्थित शहरी मितानिन प्रशिक्षण केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने शहरी मितानिन बहनों का सम्मान कर उनके समर्पण, सेवाभाव और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरक किरण यादव द्वारा सभी मितानिन बहनों का तिलक-वंदन कर स्वागत करने के साथ हुआ। इसके पश्चात ऋषि शास्त्री ने स्वागत भाषण दिया और मितानिन बहनों से आत्मीय संवाद कर उनके अनुभवों, कार्यों एवं समस्याओं पर चर्चा की। इस अवसर पर ऋषि शास्त्री ने सभी मितानिन बहनों को साड़ी एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया तथा मिठाइयां खिलाकर मितानिन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। वे घर-घर पहुंचकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से समाज की सेवा करती हैं। उनका



योगदान केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। ऋषि शास्त्री ने कहा कि समाज में मितानिन बहनों के योगदान को सम्मान और पहचान मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के समापन पर ऋषि शास्त्री ने मितानिन बहनों के साथ प्रशिक्षण केंद्र के बाहर नीम का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है। मितानिन बहनें जिस तरह लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करती हैं, उसी तरह पौधरोपण के माध्यम से प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प भी हम सभी को लेना चाहिए। कार्यक्रम में प्रेरक किरण यादव सहित 20 से अधिक शहरी मितानिन बहनों की उपस्थिति रही।

सरकारी अस्पताल में मरीजों की अनदेखी, निजी अस्पताल में कमाई का खेल ? दो डॉक्टरों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट ने उठाई आवाज, निष्पक्ष जांच की मांग

जिला अस्पताल से अर्पण हॉस्पिटल में मरीजों को भेजने और निजी प्रैक्टिस के लगाए गंभीर आरोप, अभिमन्यु मिश्रा साथियों सहित पहुंचे कलेक्टर कार्यालय



राजनांदगांव (दावा)। जिला अस्पताल राजनांदगांव में पदस्थ दो चिकित्सकों द्वारा शासकीय सेवाओं के नियमों के विपरीत निजी अस्पताल अर्पण हॉस्पिटल, मोहरा रोड में मरीजों को भर्ती कराने और निजी प्रैक्टिस किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में आज मीडिया पैनलिस्ट छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभिमन्यु मिश्रा के नेतृत्व में साथियों सहित जिला कलेक्टर को दो अलग-अलग शिकायत पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। कलेक्टर को सौंपे गए पहले शिकायत पत्र में जिला अस्पताल में पदस्थ प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण कोठारी पर आरोप लगाया गया है कि वे सरकारी अस्पताल में प्रसव एवं बच्चेदानी की सर्जरी के लिए आने वाली महिलाओं और प्रसूताओं को अपने निजी क्लिनिक तथा अर्पण हॉस्पिटल में भर्ती होने के लिए प्रेरित करते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि मरीजों को सरकारी अस्पताल में उचित उपचार एवं समय नहीं दिया जाता तथा सर्जरी के लिए निजी अस्पताल आने का दबाव बनाया जाता है। रात में जिला अस्पताल में सर्जरी नहीं करने और मेडिकल कॉलेज रेफर करने की बात कहकर मरीजों को निजी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

वहीं दूसरे शिकायत पत्र में जिला अस्पताल में पदस्थ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. खुमान मांडवी पर निजी अस्पताल अर्पण हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती कराने और निजी प्रैक्टिस करने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत में अस्पताल के पंजीयन एवं आयुष्मान योजना से संबंधित दस्तावेजों में दूसरे चिकित्सक का नाम इस्तेमाल किए जाने तथा संबंधित चिकित्सक के वास्तविक कार्यस्थल को लेकर भी जांच की मांग की गई है। अभिमन्यु मिश्रा ने कहा कि सरकारी अस्पताल आम जनता, विशेषकर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का सबसे बड़ा सहारा है। वहां पदस्थ इन दो डॉक्टरों की शिकायत लगातार हमारे पास आ रही हैं, यदि शासकीय अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक अपने पद और जिम्मेदारी का उपयोग मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने के लिए कर रहे हैं, तो यह बेहद गंभीर विषय है। सरकारी अस्पताल में बेहतर इलाज पाने का अधिकार हर नागरिक को है। किसी भी मरीज को निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

अभिमन्यु मिश्रा ने जिला प्रशासन से मांग की कि इस मामले को केवल औपचारिक शिकायत मानकर नजरअंदाज न किया जाए, बल्कि मरीजों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए समयबद्ध जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर को शिकायत सौंपने के दौरान अभिमन्यु मिश्रा (मीडिया पैनलिस्ट, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी) के साथ पूर्णांक सहारे, वैभव वाडेकर, विमर्श तिवारी, स्वप्निल अग्रहरि सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव द्वारा दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को स्वीकृत सहायता अनुदान राशि का भुगतान हेतु तहसीलदारों को उपलब्ध कराया गया है। डोंगरगांव तहसील अंतर्गत सर्पदंश से एक जनहानि एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत नदी के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर उनके आश्रितों को 4-4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

पात्र-अपात्र सूची जारी, दावा-आपत्ति 30 नवम्बर तक आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन सशक्तिकरण केन्द्र (हब) राजनांदगांव हेतु आईटी असिस्टेंट के पद एवं जेण्डर विशेषज्ञ (अनुसूचित जनजाति) के 1 पद पर भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी की गई। सूची के संबंध में 30 नवम्बर 2026 शाम 5.30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर जिला राजनांदगांव में पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट, कोरियर के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **नीमा पति- नोहर सिंह** जाति- हल्बा, निवासी ग्राम- पटेली, मकान नं. 53, वार्ड नं. 08, तह-अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.)। पिन नं. 491665 की निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है। जिसमें नाम के स्थान पर **गीताशु हल्बा Gitashu Halba** अंकित है। उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्मप्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **गीतांशु GITANSHU** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए मेरी पुत्री के नाम से बना आधार कार्ड में **गीताशु हल्बा Gitashu Halba** अंकित है। उसे सुधार करवाकर **गीतांशु GITANSHU** अंकित कराना चाहती हूँ। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं अतएव इस्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।

स्थान- दिनांक:-23/11/2026

आवेदिका
नीमा
निवासी- पटेली तह. अं.चौकी
जिला-मो.मा.अं.चौकी (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक रा.मा.क्र. 202611093800009 अ 20 (1) वर्ष 2026-27

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश सोनछात्रा आ. बाबूभाई निवासी कैलाशनगर, राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव शहर के मोहल्ला बल्देवबाग स्थित शीट क्रमांक 34 भूखण्ड क्रमांक 72/25 ख क्षेत्रफल 61.33 वर्गमीटर वार्षिक भू-भाटक 27.60 रूपये है, जिसका पट्टा अवधि 31 मार्च 2016 तक है। उक्त पट्टे की अवधि समाप्त हो जाने से पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदित भूखण्ड के पट्टा का नवीनीकरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांक 02.12.2026

नजूल अधिकारी
राजनांदगाँव

शुभांक

बी. के.
2-4-6
250-7 360-9
राजधानी
3-5-7
350-8 388-9

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

निविदा निरस्तीकरण सूचना

आदेश क्रमांक 5011 / वलेस / 2026 कवर्धा, दिनांक 17/11/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सिस्टम क्रमांक-199840 प्रथम निविदा सूचना क्रमांक 07/वलेस/2026-27 कवर्धा, दिनांक **23/09/2026** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत छिरहा डायवर्सन योजना के मुख्य नहर के आर.डी. 0 मीटर से 2100 मीटर, रिमाडलिंग लाईनिंग कार्य 01 नग व्ही.आर.बी. 01 नग फाल का मरम्मत एवं संरचनाओं का मरम्मत कार्य, स्लूस का मरम्मत, कुलाबा फिक्सिंग कार्य हेतु प्रथम आमंत्रित निविदा में एकल निविदा तथा प्रतिस्पर्धा का अभाव होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी- 262703576/1

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी- 262704647/2

कार्यालय पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र रामपुर, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्र. 3245/ब. पा. प्र./नीलामी सूचना / 2026-27 / रामपुर, दिनांक-18/11/2026

''बकरे / बकरियों नीलामी सूचना''

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र रामपुर विकासखण्ड-सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम में दिनांक **30.11.2026,** दिन सोमवार सुबह 10 बजे से निम्नानुसार छटनीकृत बकरे / बकरियों की नीलामी की जावेगी। समस्त इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि में शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र रामपुर विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम में उपस्थित होकर बोली लगाकर पशु क्रय हेतु आमंत्रित है।

पशु नस्ल	बकरी	बकरा	मेमना	कुल	रिमार्क
सिरोही	35	2	-	37	

शर्तें :- नीलामी में बोली लगाने हेतु प्रति व्यक्ति राशि रू. 3000/- की धरोहर राशि नगद 'जो नीलामी पश्चात वापसी योग्य है' जमा करना आवश्यक होगा। प्रत्येक पशु की बोली पृथक-पृथक होगी अंतिम सफल बोली लगाने वाले व्यक्ति, बोली की आधी राशि तत्काल जमा करेंगें एवं 24 घण्टे के भीतर पूर्ण राशि जमा कर पशु ले जाने हेतु बाध्य होंगे अन्यथा जमा राशि राजसात कर द्वितीय अधिकतम बोली को मान्य की जावेगी। पूर्ण राशि जमा किये जाने पश्चात पशु न ले जाने पर किसी भी प्रकार की हानि की जिम्मेदारी क्रयकर्ता की होगी एवं प्रतिदिन आहार इत्यादि का व्यय का भुगतान भी उन्हे वहन करना होगा।

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ
शासकीय बकरी पालन प्रक्षेत्र रामपुर
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

जी- 262704641/2

ऑनलाइन गेमिंग के कर्ज ने बनाया चोर, सूने मकान से जेवरात पार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

0 10 लाख रुपये का कर्ज चुकाने रची थी चोरी की साजिश, कुल 15.50 लाख की संपत्ति जप्त
0 मोहारा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, रायपुर की एक अन्य चोरी का भी खुलासा



राजनांदगांव (दावा)। ऑनलाइन गेमिंग की लत में 10 लाख रुपये का कर्जदार बने युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर गांव के ही एक सूने मकान से लाखों के गहने पार कर दिए। मोहारा पुलिस चौकी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त कार सहित कुल 15 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुरटोला निवासी दीपक वर्मा ने मोहारा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 अगस्त की सुबह करीब 9 बजे वह परिवार सहित खेती के काम से खेत गया था। दोपहर 1 बजे लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और आलमारी से सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पुलिस ने धारा 331, 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह और साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई।

रेकी कर तड़के छत पर छिपा, परिवार के जाते ही तोड़ा ताला

विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर ग्राम ठाकुरटोला निवासी सुरेन्द्र साहू (36 वर्ष) और गणेश्वर नेताम उर्फ राजू (25 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि सुरेन्द्र को ऑनलाइन गेमिंग में 10 लाख रुपये का कर्ज हो गया था, जिसे चुकाने के लिए दोनों ने चोरी की योजना बनाई।

वारदात के दिन सुबह करीब 4 बजे गणेश्वर ट्रैक्टर की ट्रॉली के सहारे पीड़ित के घर की छत पर चढ़कर छिप गया, जबकि सुरेन्द्र बाहर निगरानी करता रहा। सुबह 9 बजे परिवार के खेत जाते ही सुरेन्द्र ने मोबाइल पर सूचना दी, जिसके बाद गणेश्वर ने नीचे उतरकर लोहे की रॉड से ताला तोड़ा और आलमारी से सोने का नेकलेस, मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी का करधन और पैरपट्टी चोरी कर ली। इसके बाद दोनों कार (क्रमांक सीजी 04/एनजेड 3480) से रायपुर भाग गए और इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में किराये के मकान में रहने लगे।

रायपुर के अरिहंत नगर की चोरी भी कबूली

पूछताछ में मुख्य आरोपी सुरेन्द्र साहू ने रायपुर के अरिहंत नगर स्थित अपने परिचित हेमंत साहू के घर से भी घरेलू कामकाज के दौरान सोने के टॉप्स और झुमका चोरी करना स्वीकार किया, जिसे उसने मुथूट फाइनेंस डोंगरगढ़ में गिरवी रख दिया था। पुलिस ने ठाकुरटोला से चोरी हुए 8.50 लाख के गहने, रायपुर की चोरी के 2 लाख के गहने और 5 लाख रुपये की कार सहित कुल 15.50 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, मोहारा चौकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह, सउनि महेन्द्र यादव, संतोष सिंह, प्र.आर. महादेव साहू, काशी राम साहू, आरक्षक मानी ठाकुर, जय प्रकाश धीवर, ऋषिदास, विनोद वर्मा तथा साइबर सेल से परिवेश वर्मा, शत्रुहन सिंह, पुनेश्वर साहू, खिलेश पटेल, मोहन साहू, हेमंत साहू और आदित्य सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

इंस्टाग्राम पर फर्जी अकाउंट बनाकर अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार, एक अपचारी बालक भी निरुद्ध



चैट जीपीटी की मदद से एडिट किए थे फोटो और वीडियो, घटना में प्रयुक्त मोबाइल जब्त

राजनांदगांव (दावा)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर युवती के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर उसकी एडिटेड अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने के मामले में चिखली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कृत्य में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं।

चिखली चौकी प्रभारी ने बताया कि 17 नवंबर को प्रार्थिया ने चौकी में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। प्रार्थियां के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो स्टोरी पर लगाई जा रही थी और उसके दोस्तों को शेयर की जा रही थी। आरोपी पहचान छिपाने के लिए लगातार अकाउंट का यूजर नेम भी बदल रहा था। शिकायत पर पुलिस ने धारा 79 बीएनएस तथा आईटी एक्ट की धारा 67 व 67(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

साइबर सेल की मदद से आरोपी तक पहुंची पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध विधि से संघर्षरत बालक और मुख्य आरोपी पूनम चंद वर्मा पिता रामसुख वर्मा (26 वर्ष), निवासी ग्राम गोपालपुर, थाना घुमका को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पूनम चंद वर्मा ने विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर मोबाइल में चैट जीपीटी के माध्यम से प्रार्थिया के फोटो और वीडियो को एडिट कर अश्लील बनाया और फर्जी इंस्टाग्राम आईडी के जरिए स्टेटस में लगाकर लोगों को भेजा। अपराध सिद्ध पाए जाने पर पुलिस ने दोनों के मोबाइल जब्त किए। मुख्य आरोपी पूनम चंद वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, वहीं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के आदेशानुसार बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

भरोसे का फायदा उठाकर सहेली के घर से 2.20 लाख के जेवरात पार करने वाली युवती गिरफ्तार



0 सामान लाने के बहाने छोटी बहन व सहेली को स्कूटी देकर भेजा पुराना बस स्टैंड
0 कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, चोरी के सभी गहने बरामद

राजनांदगांव (दावा)। परिचित होने और घर में अक्सर आने-जाने का फायदा उठाकर अपनी ही छोटी बहन की सहेली के घर से लाखों के जेवरात चोरी करने वाली शातिर युवती को सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवती के कब्जे से चोरी किए गए 2 लाख 20 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवरात बरामद कर उसे न्यायिक रिमांड पर दुर्ग महिला जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखोली बैगापारा निवासी प्रार्थिया ने 6 नवंबर को सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए हैं। चोरी गए सामान में चांदी की पायल, राजाबाड़ा पायल, सोने का लॉकेट और तीन जोड़ी टॉप्स सहित कुल 2.20 लाख रुपये के गहने शामिल थे। कोतवाली पुलिस ने धारा 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

योजनाबद्ध तरीके से दिया वारदात को अंजाम

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में कोतवाली और साइबर सेल की टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिरों को सक्रिय किया। जांच में संदेह की सुई शंकरपुर शिवानंद चौक (चिखली) निवासी 21 वर्षीय श्रेया रानी भीमगंज पिता स्व. विद्याभूषण की ओर घूमी, जिसका प्रार्थिया के घर अक्सर आना-जाना था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर श्रेया ने अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि घटना वाले दिन वह अपनी छोटी बहन के साथ उसकी सहेली के घर गई थी। वहां पहुंचने के बाद उसने योजनाबद्ध तरीके से सामान लाने के बहाने दोनों को अपनी स्कूटी देकर पुराने बस स्टैंड भेज दिया। घर में अकेले होने का फायदा उठाकर उसने अलमारी में रखे गहने चोरी कर लिए।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे महिला जेल दुर्ग भेज दिया गया। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, प्रशिक्षु उप निरीक्षक उपासना साहू, आरक्षक प्रकाश कुर्रे सहित साइबर सेल से जीवन ठाकुर, खिलेश पटेल, अविनाश झा, प्रख्यात जैन, अमर भारती, पार्वती कंवर और आदित्य राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

दीपावली मिलन में महिलाओं ने बल्ले से दिखाया दम, आंवला नवमी पर पूजा-अर्चना के बाद खेला क्रिकेट



0 राजपूत समाज की वीरांगनाओं ने उत्सव को बनाया यादगार,
0 खेल के मैदान में नजर आया उत्साह और संगठन की एकजुटता का अनूठा संगम

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली के पारंपरिक उल्लास और आंवला नवमी की धार्मिक आस्था के बीच राजपूत समाज की महिलाओं ने इस बार उत्सव को एक अलग अंदाज में मनाया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना एवं छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति 1282 राजनांदगांव के संयुक्त आयोजन में महिलाओं ने जहां आंवला नवमी पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं क्रिकेट के मैदान में उतरकर अपने खेल कौशल और उत्साह का भी परिचय दिया। दीपावली मिलन के इस आयोजन में परंपरा, आपसी मेल-मिलाप और खेल भावना का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आंवला नवमी के पूजन के साथ हुई। महिलाओं ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। इसके बाद दीपावली मिलन के दौरान एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं देकर खुशियां साझा कीं। आयोजन का सबसे आकर्षक और खास पहलू महिलाओं का क्रिकेट मैच रहा। सामान्यतः घरेलू और सामाजिक आयोजनों में सीमित रहने वाली महिलाओं ने जब क्रिकेट का बल्ला थामा तो मैदान में अलग ही उत्साह दिखाई दिया। पूरे जोश के साथ खेल में भागीदारी करते हुए महिलाओं ने साबित किया कि सामाजिक एकजुटता के साथ खेल और मनोरंजन के लिए भी उनकी सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

आयोजन में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कनक लता सिंह एवं नीमा सिंह राजावत, जिला अध्यक्ष अनामिका सिंह, उपाध्यक्ष प्रिया सिंह, महासचिव सुधा पवार, सचिव रेखा सिंह, सह सचिव निशा सेंगर एवं आभा सिंह सहित सपना सिंह, नेहा सिंह, संजू सिंह, रश्मि भारद्वाज, रेणु सिंह, दर्शना सिंह, गीता सिंह और सूर्यबाला सिंह की उपस्थिति रही। वहीं छत्तीसगढ़ राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति 1282 की ओर से महिला अध्यक्ष शशि चौहान, पूर्व केंद्रीय सचिव छाया ठाकुर, महिला सचिव माधुरी ठाकुर, रीना राजपूत, कीर्ति विनोद, आरती गौतम, कविता गौतम, माया विनोद, सत्य ठाकुर, रेखा राजपूत, देविका ठाकुर, सुशीला चंदेल, पुष्पा ठाकुर, नेहा ठाकुर, मधु पवार एवं उपासना बिसेन सहित कार्यकारिणी की सदस्य शामिल हुईं। महिलाओं की भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ खेल गतिविधि को जोड़ने की इस पहल ने समाज की महिलाओं को आपस में जुड़ने, संवाद और सहभागिता का अवसर दिया। आयोजन के माध्यम से सामाजिक संगठन की मजबूती, महिला एकता और आपसी सौहार्द का संदेश भी सामने आया।

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी

धान खरीदी के सात दिनों में 7 हजार 836 किसानों से 29820.48 मीट्रिक टन धान की खरीदी

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी 122 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। किसानों को ऑनलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध होने से धान विक्रय की प्रक्रिया सरल एवं सुविधाजनक हुई है। जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से अब तक सात खरीदी दिवसों में कुल 7 हजार 836 किसानों से 29820.48 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 23 नवम्बर 2026 को जिले के 122 धान उपार्जन केन्द्रों के लिए कुल 1549 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकनों के माध्यम से 6761.11 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीयन किया गया था। इनमें से 1430 किसानों ने धान उपार्जन केन्द्रों में पहुंचकर कुल 5782.36 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया। इस प्रकार आज टोकन प्राप्त करने वाले 92.32 प्रतिशत किसानों ने अपना धान विक्रय किया। आगामी खरीदी दिवस 25 नवम्बर 2026 के लिए जिले के 122 धान उपार्जन केन्द्रों में कुल 1726 टोकन जारी किए गए हैं। इन टोकनों के माध्यम से कुल 7350.80 मीट्रिक टन धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि किसानों को अपनी उपज विक्रय करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा धान खरीदी का कार्य पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

अवैध धान के भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने तथा अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने के प्रयासों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग के संयुक्त अमले द्वारा जिले में सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में आज 23 नवम्बर 2026 को मंडी डोंगरगढ़ द्वारा दो प्रकरणों में कुल 120 कट्टा अर्थात 48 क्विंटल धान जप्त किया गया। इनमें ग्राम बेलगांव में 60 कट्टा (24 क्विंटल) तथा डोंगरगढ़ में 60 कट्टा (24 क्विंटल) धान जप्ती की कार्रवाई की गई। लाइसेंस की तय सीमा से अधिक धान का संग्रहण करने तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण यह कार्रवाई की गई। जिले में अवैध धान के विरुद्ध की गई कार्रवाई अंतर्गत 21 नवम्बर 2026 तक कुल 29 प्रकरणों में 2807.50 क्विंटल धान (6615 कट्टा) एवं 3 वाहन जप्त किए गए थे। आज की कार्रवाई को मिलाकर जिले में अब तक कुल 31 प्रकरणों में 2855.50 क्विंटल धान (6735 कट्टा) तथा 3 वाहन जप्त किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध धान के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

जिला कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री और भरत वर्मा का पुतला



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों ने जयस्तंभ चौक, राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा का पुतला फूंककर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने सड़क निर्माण में अनियमितता, ठेका कंपनी के कर्मचारियों से गाली-गलौज एवं दुर्व्यवहार तथा 50 लाख रुपये मांगने के गंभीर आरोपों पर निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में अनियमितता थी तो संबंधित विभाग के अधिकारियों और तकनीकी अमले से जांच कराई जानी चाहिए थी। कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और अपमानजनक व्यवहार करना गंभीर मामला है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में ठेका कंपनी के कर्मचारियों ने 50 लाख रुपये मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। कांग्रेस मांग करती है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो तथा कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज एवं दुर्व्यवहार के मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

विपिन यादव ने कहा कि भाजपा स्वयं को संस्कार और अनुशासन की पार्टी बताती है, लेकिन उसके वरिष्ठ नेता पर कर्मचारियों से दुर्व्यवहार और 50 लाख रुपये मांगने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। राजनांदगांव के भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक,विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी इस घटना पर सार्वजनिक बयान जारी करना चाहिए। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि कर्मचारियों के साथ हुए इस कथित दुर्व्यवहार और 50 लाख रुपये मांगने के आरोपों पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है तथा पार्टी अपने वरिष्ठ नेता के विरुद्ध क्या कार्रवाई करेगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस तत्काल एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई की मांग करेगी। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

डोंगरगढ़ विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए तथा निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की भी निष्पक्ष जांच हो। दोनों मामलों में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव, डोंगरगढ़ विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला एवं भुवनेश्वर बघेल, पूर्व जिला अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, महेंद्र यादव, विभा साहू, राहुल तिवारी, पंकज बांधव, हनी ग्रेवाल, रितेश जैन, विजयराज सिंह चौहान, ललित कुमरे, रज्जू जान, दुर्गेश द्विवेदी, राजकुमारी सिन्हा, हरीश भंडारी, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, रमादेवी वर्मा, मदन साहू, लालचंद साहू, रोशन रजक, राजू सिंह राजपूत, सुयश नाहटा, विष्णु लोधी, संजय मुरकुटे, सुरेश सिन्हा, प्रताप धावड़े, गणेश साहू, दीपक साहू, योगेंद्र दास वैष्णव, झम्मन देवांगन, अमित अग्रवाल, सागर ताम्रकार, मुन्ना इब्राहिम, प्रदीप पटेल, विक्की पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

डेढ़ माह बाद काम पर लौटे पटवारी, लंबित प्रकरणों का निराकरण बनेगी चुनौती



हड़ताल स्थगित होने के बाद रेल राजस्व संबंधी कार्य आएंगे पटरी पर

राजनांदगांव (दावा)। पिछले 13 अक्टूबर से जारी पटवारियों की हड़ताल स्थगित हो चुकी है। इस दौरान लगभग डेढ़ महीने तक जिले के राजस्व संबंधी काम रुके पड़े थे जिससे किसानों से लेकर स्कूल पढ़ने वाले विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। अब हड़ताल के स्थगित होने से राजस्व संबंधी कामकाज फिर से पटरी पर आने की उम्मीद बढ़ गई है।

बता दें कि शासन से चर्चा के बाद पटवारियों की हड़ताल फिलहाल स्थगित हो चुकी लेकिन काम पर लौटे लगभग 158 की संख्या में पटवारियों के समक्ष डेढ़ माह के लंबित प्रकरणों के निराकरण की चुनौती रहेगी। उन्हें बहुत समय तक काम कर इन लंबित प्रकरणों को निपटाना मजबूरी रहेगी।

हड़ताल से राजस्व संबंधी काम हुए प्रभावित

बता दें कि पटवारियों के डेढ़ महीने तक चले हड़ताल से जिले के राजस्व संबंधी कार्य खासे प्रभावित हुए। जमीन संबंधी अभिलेखों में सुधार, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और विभिन्न प्रमाण पत्रों से जुड़े काम प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा फसल क्षति का आकलन और किसानों से जुड़े मामलों वाले काम अटके पड़े हैं। हालांकि काम में लौटे पटवारियों का शुरुआती दिनों में लंबित आवेदनों का दबाव रहेगा लेकिन उन पर इन मामलों के निराकरण की प्राथमिकता रहेगी। इसी तरह प्रशासन के सामने भी राजस्व कार्यों को गति देने व समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण कराने में चुनौती साबित होगा

चार मांगों के साथ स्थगित हुआ आंदोलन

बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन की। सकारात्मक पहल को देखते हुए राजस्व पटवारी संघ ने अपना आंदोलन स्थगित किया है। संघ द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र भेजकर चार मांगे रखी गई है जिसमें हड़ताल अवधि में पटवारियों के विरुद्ध की गई निलंबन, स्थानांतरण, ब्रेक। इन सर्विस और कारण बताओ नोटिस जैसी कार्रवाई निरस्त कर पूर्ववत स्थिति बहाल करने की मांग शामिल हैं।साथ ही हड़ताल अवधि को कार्य दिवस मानकर नियमित वेतन देने,वेतन विसंगति दूर करने और लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पर एकरुप आदेश जारी करने की मांग की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री जी से कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए आनलाइन मुख्यमंत्री जनदर्शन सेवा शुरू करने की भी रखी गई है।

पीटीएस राजनांदगांव में 84वें नवआरक्षक सत्र की फाइनल पासिंग आउट रिहर्सल परेड संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस), राजनांदगांव में 14 जनवरी 2025 से 25 नवंबर 2026 तक आयोजित 84वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षणार्थियों की फाइनल पासिंग आउट रिहर्सल परेड सोमवार को आयोजित की गई। यह रिहर्सल परेड पीटीएस राजनांदगांव की पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

पीटीएस राजनांदगांव के इस 84वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र में छत्तीसगढ़ की करीब 13 इकाइयों के कुल 678 प्रशिक्षणार्थी शामिल हैं, जिनमें 472 पुरुष एवं 206 महिला नवआरक्षक हैं। इन प्रशिक्षणार्थियों का मुख्य दीक्षांत समारोह (पासिंग आउट परेड) 25 नवंबर 2026 को पीटीएस राजनांदगांव में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पुलिस सेवा के पुलिस महानिरीक्षक (रेंज राजनांदगांव) अजय कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधिकारीगण, सम्मानीय अतिथि, प्रशिक्षणार्थियों के परिजन एवं पत्रकारगण भी मौजूद रहेंगे।

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 30 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ में पूर्व से संचालित दो शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई–निविदा सूचना सं0 NIT/19/NOV/95265228B/02, दिनांक 19.11.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, निम्नलिखित आईटमों की आपूर्ति के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना सं.:** 95265228B, **आईटम का संक्षिप्त विवरण:** हाइड्रोलिक पंप, मोटर, वाल्व और सिलेंडर की टेस्टिंग के लिए टेस्ट बेंच की सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमीशनिंग। **मात्राः** 01 नग, **अनुमानित निविदा मूल्यः** ₹1,06,20,000/-, **ईएमडीः** ₹2,12,400/-

नियत तिथिः 09/12/26, **नियत समयः** प्रातः 10.30 बजे

नोटः ऊपर बताया गया टेंडर एक ई–टेंडर है तथा सभी निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदा एवं अन्य सप्लाई निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी हेतु कृपया IREPS वेबसाइट देखें।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
PAM/71/193 **द.पू.म. रेलवे, नागपुर**
South East Central Railway @secrail

अनमोल 'दावा'

"सच्चा सुख इच्छाओं की भीड़ में नहीं, संतोष और शांति में मिलता है।

सेहत सुधारने के नाम पर झूठे वादों का कारोबार पर सख्त निगरानी की जरूरत

भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) की नवीनतम रिपोर्ट, च्ए पिल फॉर थॉटज् में भारत के बढ़ते न्यूट्रास्यूटिकल बाजार में स्वास्थ्य के बारे में भ्रामक दावों के जोखिमों को उजागर किया गया है। इस वर्ष जुलाई से सितंबर के बीच 61 विज्ञापनों में से जांचे गए सभी 60 मामलों में एएससीआई कोड का उल्लंघन पाया गया, जबकि 31 विज्ञापनदाता अपने दावों के लिए पर्याप्त सबूत देने में विफल रहे। ये निष्कर्ष ऐसे बाजार की कड़ी निगरानी की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं जहां झूठे वादे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम डाल सकते हैं।

उद्योग के साथ-साथ जोखिम भी बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार, 2025 में भारत के न्यूट्रास्यूटिकल बाजार का मूल्य लगभग 3.67 लाख करोड़ डॉलर था और 10.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ 2033 तक इसका मूल्य बढ़कर लगभग 8.05 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। न्यूट्रास्यूटिकल में स्वास्थ्यवर्द्धक खाद्य पदार्थ, पोषक पेय पदार्थ, प्रोबायोटिक्स, विटामिन और पूरक आहार शामिल हैं और उनका खाद्य एवं औष?धि के बीच महत्त्वपूर्ण स्थान है। हालांकि ये उत्पाद जायज तरीके से पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं, लेकिन इनकी मार्केटिंग में उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का गलत फायदा नहीं उठाया जाना चाहिए।

एएससीआई की जांच में पाया गया कि विज्ञापनों में वजन प्रबंधन सबसे प्रमुख विषय था, इसके बाद त्वचा की देखभाल, ऐंटी-एजिंग, श्वसन स्वास्थ्य और विशिष्ट बीमारियों से संबंधित दावे थे। च्60 दिनों में 6 किलो वजन घटाएंज् और च्12 हफ्तों में आपकी जांघों की चर्बी गायब हो जाएगीज् जैसे वादों में पहले और बाद की तस्वीरों का इस्तेमाल करके अनुमानित परिणामों का संकेत दिया गया था। कुछ सप्लीमेंट और गमीज ने खुद को प्रिस्क्रिप्शन थेरेपी के सुरक्षित विकल्प के रूप में पेश किया। ऐसे दावे वादे किए गए लाभों की गति, सीमा और सुरक्षा के बारे में अवास्तविक उम्मीदें पैदा कर सकते हैं।

यह समस्या केवल वजन घटाने के बढ़ा-चढ़ाकर किए गए दावों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अस्थमा, ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और पॉलिएंडोक्राइन मेटाबोलिक ओवेरियन सिंड्रोम जैसी पुरानी बीमारियों को ठीक करने के दावों तक भी फैली हुई है।

एएससीआई की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में इस समस्या की निरंतरता को रेखांकित किया गया है। खाद्य एवं पेय पदार्थों के विज्ञापन मामलों में से 52 प्रतिशत न्यूट्रास्यूटिकल से संबंधित थे, जिनमें से 96 प्रतिशत में संशोधन की आवश्यकता थी। उल्लंघनों की व्यापकता से पता चलता है कि मौजूदा तंत्र भ्रामक दावों को रोकने में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं हैं। यद्यपि एएससीआई का स्व-नियामक ढांचा समस्याग्रस्त विज्ञापनों की पहचान कर सुधार की कार्रवाई कर सकता है, लेकिन इसकी सिफारिशों में सांवि?धिक दंडों के समान शक्ति नहीं है।

डिजिटल विज्ञापनों की तीव्र वृद्धि इस चुनौती को और बढ़ा देती है। इन्फ्लुएंसर, प्रायोजित सामग्री और ऑनलाइन बाजार स्वास्थ्य संबंधी दावों को उपभोक्ताओं तक तेजी से पहुंचाने में सक्षम बनाते हैं, अक्सर पारंपरिक विज्ञापनों पर लागू होने वाली गहन जांच के बिना।

इसलिए, भारत के नियामक ढांचे को विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद सुधार की कार्रवाई से आगे बढ़ना होगा। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को निराधार स्वास्थ्य दावों के खिलाफ प्रवर्तन को मजबूत करने की आवश्यकता है। वनस्पति अवयवों के लिए अनिवार्य लेबलिंग आवश्यकताओं और चेतावनियों पर एफएसएसएआई की हालिया सलाह उत्पाद संरचना और सुरक्षा जानकारी की गहन जांच की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

विज्ञापनदाताओं को अलग-अलग अवयवों के अध्ययनों पर निर्भर रहने के बजाय, दावे करने से पहले विश्वसनीय, उत्पाद-विशिष्ट वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य लाभों का समर्थन करने वाले साक्ष्यों का स्वतंत्र परीक्षण और पारदर्शी प्रकटीकरण, जवाबदेही में सुधार लाने में सहायक हो सकता है। दंड उल्लंघन की गंभीरता और उपभोक्ताओं को होने वाले संभावित नुकसान के अनुपात में होना चाहिए।

बार-बार उल्लंघन करने पर विज्ञापन में संशोधन के अनुरोध के बजाय अधिक कठोर परिणाम होने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्वास्थ्य के नाम पर बेचे जाने वाले उत्पाद अपने वादे को पूरा करते हैं, मजबूत विनियमन और वैज्ञानिक जांच आवश्यक हैं।

मोहारा मेला : आस्था, संस्कृति और परंपरा का अनुपम संगम







बी एस चौहान आतिश

शिवनाथ नदी के पावन तट पर जीवंत होती है छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति

रियासतकालीन परंपरा से जुड़ी लगभग एक शताब्दी पुरानी विरासत को सहेजने की जरूरत

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके लोकगीतों, लोकनृत्यों और तीज-त्योहारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां लगने वाले पारंपरिक मेले भी हमारी समृद्ध विरासत के महत्वपूर्ण संवाहक हैं। राजनांदगांव का ऐतिहासिक मोहारा मेला इसी परंपरा का एक जीवंत उदाहरण है। शिवनाथ नदी के पावन तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाला यह मेला धार्मिक आस्था, सामाजिक सद्भाव और लोक संस्कृति का अनुपम संगम है। मोहारा मेले की परंपरा लगभग एक शताब्दी पुरानी बताई जाती है। जिसका सीधा संबंध रियासतकालीन परंपराओं से रहा है। समय के साथ मेले का स्वरूप काफी विस्तृत हुआ है, लेकिन इसकी मूल आत्मा आज भी धार्मिक श्रद्धा और पारंपरिक लोकजीवन से जुड़ी हुई है।

कार्तिक पूर्णिमा और दीपदान का आध्यात्मिक महत्व

भारतीय सनातन परंपरा में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान, दीपदान और भगवान शिव की पूजा-अर्चना को अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। मोहारा में शिवनाथ नदी के तट पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ इसी अटूट विश्वास का प्रतीक है। भोर के समय नदी तट पर दीपदान का दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। जल की धारा में तैरते असंख्य दीपक मानो मानव जीवन में प्रकाश, शांति और सद्भाव का संदेश देते हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से दीपदान केवल एक कर्मकांड नहीं, बल्कि मन के अंधकार को दूर कर सकारात्मकता अपनाने का प्रतीक भी है।

लोक संस्कृति और लोककलाओं की सजीव पहचान

मोहारा मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की लोककलाओं को भी अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है। जसगीत, देवी गीत, भजन और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मेले की रौनक बढ़ाती हैं। इस मंच पर राउत नाचा, पंथी और करमा जैसी पारंपरिक लोकनृत्य विधाओं को भी प्रमुखता से स्थान मिलना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से परिचित हो सके और स्थानीय कलाकारों को सम्मानजनक मंच प्राप्त हो।

सामाजिक समरसता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का उत्सव

मेला केवल पूजा-पाठ या मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज के विभिन्न वर्गों को एक-दूसरे के करीब लाने का सशक्त माध्यम है। शहर और गांव के लोग सपरिवार यहां पहुंचते हैं। बच्चों के झूले, खिलौने, पारंपरिक व्यंजन और ग्रामीण उत्पादों की खरीदारी इसे लोकजीवन का उत्सव बना देती है। यह आयोजन छोटे व्यापारियों, स्थानीय हस्तशिल्पियों और महिला स्व-सहायता समूहों के लिए अपनी प्रतिभा व उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का बेहतरीन अवसर भी है।

विरासत के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता

आधुनिकता के इस दौर में पारंपरिक मेलों की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। मोहारा मेले को केवल तीन दिनों के आयोजन तक सीमित न रखकर, इसे राजनांदगांव की स्थायी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए नदी तट और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और सुगम यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। हमारी सांस्कृतिक विरासत तभी सुरक्षित रह सकती है, जब नई पीढ़ी उसे केवल देखे नहीं, बल्कि उसके महत्व को समझे और उससे जुड़े। अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही हम इस गौरवशाली पहचान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं।

मोतीपुर राजनांदगांव (छग)

लाठी

गजेंद्र बख्शी अधिवक्ता



लाठी केवल लकड़ी का एक साधारण टुकड़ा नहीं है। परिस्थितियों के अनुसार उसका अर्थ, उपयोग और प्रभाव बदलता रहता है। कभी वह सहारे का प्रतीक बनती है, कभी सुरक्षा का और कभी शक्ति एवं भय का। लेकिन जब यही लाठी किसी व्यवस्था के हाथों में आ जाती है, तब उसका स्वरूप और भी विचारणीय हो जाता है। प्रश्न यह नहीं है कि लाठी किसके हाथ में है, बल्कि यह है कि उसका उपयोग किसके विरुद्ध और किस उद्देश्य से किया जा रहा है।

अक्सर देखने में आता है कि व्यवस्था की लाठी सड़क पर अपना प्रभाव दिखाने में अधिक तत्पर दिखाई देती है। फुटपाथ पर छोटी-सी दुकान लगाकर, ठेला खींचकर अथवा सड़क किनारे बैठकर अपनी रोजी-रोटी कमाने वाले लोगों को इसका सामना करना पड़ता है। उनकी छोटी-सी दुनिया कुछ सामान, सीमित पूँजी और दिनभर की मेहनत पर टिकी होती है। उनके लिए व्यवसाय करना कोई शौक नहीं, बल्कि जीवन चलाने की विवशता है।

यह कैसी लाठी है, जो केवल सड़कों पर चलती है, लेकिन ऊँची दुकानों और बड़े प्रतिष्ठानों के सामने पहुँचकर उसका प्रभाव कम हो जाता है? क्या कानून और नियमों का पालन केवल उन्हीं लोगों के लिए आवश्यक है, जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है? क्या व्यवस्था की दृष्टि में छोटे व्यवसायी ही अतिक्रमण और अव्यवस्था के लिए उत्तरदायी हैं? बड़े प्रतिष्ठानों के सामने वही कठोरता और तत्परता दिखाई क्यों नहीं देती?

सड़क पर व्यवसाय करने वाले व्यक्ति की दिनचर्या भी अपने आप में एक संघर्ष है। सुबह घर से निकलते समय उसके मन में यही चिंता रहती है कि आज कितनी कमाई होगी, बच्चों की आवश्यकताएँ कैसे पूरी होंगी और घर का खर्च किस प्रकार चलेगा। दिनभर की मेहनत के बाद जो कुछ हाथ आता है, उसी से उसके परिवार की आशाएँ जुड़ी होती हैं। उसके लिए रोज कमाना आवश्यक है, क्योंकि एक दिन की कमाई रुकने का अर्थ कई बार पूरे परिवार की आवश्यकताओं का अधूरा रह जाना होता है। उसके घर का चूल्हा तभी जलता है, जब वह बाजार और चौराहे पर अपनी मेहनत से कुछ कमा पाता है।

ऐसे में जब उसकी आजीविका पर अचानक संकट खड़ा होता है, तब उसका नुकसान केवल आर्थिक नहीं होता, बल्कि उसके आत्मसम्मान और पारिवारिक जीवन पर भी पड़ता है। प्रशासनिक व्यवस्था का अपना महत्व है। सड़कों को व्यवस्थित रखना, यातायात सुचारु बनाए रखना और सार्वजनिक स्थानों का उचित उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है। लेकिन व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर किसी की आजीविका को अनदेखा करना भी उचित नहीं कहा जा सकता। नियमों का पालन आवश्यक है, किंतु उसके साथ मानवीय संवेदना और न्याय का होना भी उतना ही आवश्यक है।

हमने बचपन से अनेक पौराणिक कथाएँ पढ़ी और सुनी हैं। उनमें सत्य, न्याय, समता, करुणा और धर्म के अनेक प्रसंग मिलते हैं। हमारी संस्कृति ने सदैव कमजोर की रक्षा, जरूरतमंद की सहायता और सबके प्रति समान व्यवहार का संदेश दिया है। फिर व्यवहार में यह अंतर क्यों दिखाई देता है? हमारी कथाओं और आदर्शों में जिस समता की बात कही गई है, क्या उसका स्थान केवल पुस्तकों और प्रवचनों तक ही सीमित रह गया है?

समाज में आर्थिक संपन्नता और विपन्नता का अंतर होना स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन न्याय और सम्मान के अधिकार में अंतर नहीं होना चाहिए। किसी व्यक्ति की दुकान छोटी है या बड़ी, उसका व्यवसाय सड़क किनारे है या किसी भव्य भवन में, इससे उसके प्रति कानून का व्यवहार अलग नहीं होना चाहिए। यदि कोई नियम लागू होता है तो वह सभी पर समान रूप से लागू होना चाहिए। व्यवस्था की निष्पक्षता ही उसके प्रति जनविश्वास का आधार होती है।

यह भी विचारणीय है कि छोटे व्यवसायियों को केवल हटाने या दंडित करने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलता। उन्हें उचित स्थान, व्यवस्थित बाजार और आजीविका के सम्मानजनक अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास होने चाहिए। आखिर वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। उनकी मेहनत से उनके परिवार का जीवन चलता है और बाजार की आर्थिक गतिविधियों में भी उनका योगदान रहता है।

लाठी का उद्देश्य व्यवस्था स्थापित करना हो सकता है, लेकिन उसका उपयोग विवेक और समानता के साथ होना चाहिए। यदि उसकी कठोरता केवल कमजोर व्यक्ति के हिस्से में आती है और प्रभावशाली लोगों के सामने वह निष्प्रभावी हो जाती है, तो यह व्यवस्था की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

वास्तव में किसी सभ्य समाज की पहचान इस बात से नहीं होती कि उसके पास कितनी शक्ति है, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपनी शक्ति का उपयोग किस प्रकार करता है। गरीब की रोजी-रोटी की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखना।

प्रश्न फिर वही है कि यह कैसी लाठी है, जो सड़कों पर धंधा करने वालों के लिए तो चलती है, लेकिन ऊँची दुकानों और प्रतिष्ठानों के सामने मौन हो जाती है? यदि समता हमारे आदर्शों का आधार है, तो उसका प्रतिबिंब हमारे व्यवहार और व्यवस्था में भी दिखाई देना चाहिए। लाठी चलाने से पहले इतना अवश्य विचार करना चाहिए कि कहीं व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास में हम किसी गरीब के घर का चूल्हा बुझाने का कारण तो नहीं बन रहे हैं।

मोबा. - 98271-84147

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम : 466 : बाली ने किया मायावी के वध हेतु भयावह गुफा में प्रवेश

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



(छत्तीसगढ़ का सीतामढ़ी हरचौका क्षेत्र)

''यहाँ तो अनेक गुफाएँ हैं भैया! जिस आश्रयस्थल के लिए आपको और मुझे पर्णकुटी निर्मित करनी पड़ती है, वह यहाँ सहज ही उपलब्ध है।''- लक्ष्मण जी ने गुफाओं का निरीक्षण करने के बाद जानकारी दी।

सीताजी ने प्रसन्न होते हुए कहा, ''तो यहाँ मुझे अपनी रसोई के लिए भी उचित स्थान मिल जाएगा।''

''अवश्य सीते!'' श्री राम ने उत्तर दिया।

''प्रतीत होता है कि यह हमारे दीर्घकालिक आश्रय के लिए सर्वथा उपयुक्त स्थल है।'' लक्ष्मण जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा।

''अवश्य लक्ष्मण! यह सघन वन क्षेत्र है, निर्जन और एकांत। पास में जो नदी है, वह संभवतः शोण नदी में जाकर मिलती होगी और इसके माध्यम से माँ गंगा तक पहुँचती होगी। इन गुफाओं में भगवान शिव की आराधना हो सकेगी। हम अपने योग-ध्यान के लिए भी पर्याप्त समय प्रदान कर सकेंगे।''- श्री राम ने प्रसन्नतापूर्वक कहा।

''तब तो हम गुफा के एक कक्ष में शिवलिंग की

स्थापना करेंगे। जब तक हम यहाँ रहेंगे, मैं प्रतिदिन नदी के जल से शिव जी का अभिषेक किया करूँगी।''- सीता जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा।

''अवश्य वैदेही!'' - श्री राम ने ने कहा। श्री राम, सीताजी और लक्ष्मणजी सामने की मुख्य गुफा की ओर बढ़े। उधर किष्किंधा में बाली से बचकर भागते हुए मायावी दानव एक पहाड़ी गुफा में जा घुसा। वानरराज बाली भी तीव्र वेग से उस गुफा के भीतर प्रवेश करने ही वाले थे कि उनके कदम अचानक ठिठक गए। उन्होंने पीछे मुड़कर देखा, हाँफते हुए सुग्रीव उनके पास आ पहुंचे हैं।

''अनुज! तुम्हें यहाँ आने की आवश्यकता नहीं थी।''-बाली ने कहा।

सुग्रीव ने उत्तर दिया, ''भैया, मैं आपको

अकेला कैसे छोड़ सकता था?''

''मगर अब तो मुझे इस गुफा में अकेले ही प्रवेश करना होगा सुग्रीव और मायावी को ढूंढ़कर उसका वध करना होगा।'' बाली ने अपना निश्चय व्यक्त करते हुए कहा।

''मैं भी आपके साथ जाऊँगा भैया।'' सुग्रीव ने हठ किया।

बाली ने किंचित आवेश के साथ कहा,

''हठ मत करो सुग्रीव! तुम गुफा के इस द्वार पर ही ठहरो और तब तक प्रतीक्षा करो, जब तक मैं मायावी को मारकर वापस न लौट आऊँ।''

''जो आज्ञा भैया!''- सुग्रीव ने उत्तर दिया। बाली ने अंधेरी भयावह गुफा के भीतर प्रवेश किया। गुफा के द्वार पर सुग्रीव को प्रतीक्षा करते हुए कई दिन बीत गए। किष्किंधा के सेनापति नील ने महारानी तारा से वानरराज बाली और महामंत्री तथा युवराज सुग्रीव को खोजने के लिए जाने की आज्ञा मांगी।

''अगर वानरनरेश और महामंत्री सुग्रीव के बाद सेनापति भी चले गए, तो किष्किंधा का क्या होगा? महाराज अजेय हैं। यह कठिन समय तो है, पर हमें अभी उनकी वापसी की प्रतीक्षा करनी चाहिए। वे अवश्य लौट कर आएँगे।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने इसके लिए हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की है। उनके द्वारा इस महागाथा के कई प्रसंगों में अनेक स्थानों पर स्वयं को मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया गया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया गया है।)

सामयिक चर्चा

भौतिक सुख-सबसे बड़ा सुख

धूप में आराम से बैठकर,
बानी बोले- ''सुनिए गजाधर!
आज हमारे द्वारा सबसे पहले
रिश्वत-काण्ड पढ़ लिया गया है।
हमारे छत्तीसगढ़ के कांकेर में
डेढ़ लाख रूपये की रिश्वत लेते
पकड़ी गई जीएसटी अधिकारी
अंचला गिरी को
सस्पेण्ड कर दिया गया है।
एन्टीकरप्शन ब्यूरो ने उन्हें
एक स्क्रैप कारोबारी से
गाड़ी छोड़ने के बदले, रिश्वत लेते
रंगे हाथों पकड़ लिए थे।
छापे के दौरान अधिकारी
और उनके साथी ने
पकड़े जाने के डर से
नोटों के बंडल नाली में
फेंक दिए थे।
गजाधर! हम जब-तब
रिश्वत लेने और उसके बाद
पकड़े जाने पर दुर्दशा की खबर,
पढ़ते रहते हैं।
तो हम आपसे कहते हैं-
इसके बाद भी अधिकारी-अफसर
रिश्वत लेते हैं किसलिए?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!
भौतिक सुख के लिए!''

(सोमवार 23 नवंबर 2026)



-गिरीश बख्शी

राशिफल

मेष



आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में रोज की अपेक्षा अच्छा प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी रिश्ते में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज जीवनसाथी को सरप्राइज देने के लिए ज्वेलरी खरीदने जा सकते हैं। परिवार में बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखें।

वृष राशि



आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में स्थिति बेहतर बनी रहेगी। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियां बढ़ेंगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। अगर आप जॉब की तलाश कर रहे हैं तो आज अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिए काफी अच्छा दिन है।

मिथुन



आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओं को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हें पुराने किए गए कार्यों की वजह से वाहवाही मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है।

कर्क



आज आपका दिन सामान्य रहेगा। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा। प्राइवेट शिक्षकों को किसी अच्छे कॉलेज से जॉब का प्रपोजल आएगा। सोशल वर्क से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं, आपके रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी।

सिंह



आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करियर को बढ़ाने में किए गए प्रयासों के चलते लाभ होगा। आज अपने प्रिय व्यक्ति से मिलने के कारण आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आएगी। संतान की सफलता के कारण घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरूरी काम में अपनी माता की मदद मांगेंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कन्या



आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा। आज आपको किसी अनजान पर अत्यधिक विश्वास करने से बचना चाहिए। आप सामाजिक स्तर पर कुछ नए बदलाव करने की सोचेंगे, आपको अन्य लोगों का साथ भी मिलेगा, इससे आपका काम आसान हो जाएगा। आज आपकी सोच सकारात्मक बनी रहेगी, आपको कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला



आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। सिनेमा जगत के कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। आज आप काम करने का नया प्लान बनाएंगे, इससे आपके काम आसानी से पूरे होते जाएंगे। आज आप परिस्थिति को ठीक से समझने की कोशिश करेंगे तो आपको आसानी से हल मिल जाएगा। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के अच्छे रिश्ते आएंगे।

वृश्चिक



आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी कॉपी कर सकता है। प्रॉपर्टी सेल-परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छा लाभ होगा। कोई जरूरत का सामान खरीदने मार्केट जाएंगे, जहां आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार से होगी, उनके साथ आप कुछ चीजों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे। लवमेट मूवी देखने जाएंगे।

धनु



आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके काम तय समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित होंगे। बिजनेस को बढ़ाने के लिए नया प्लान बनाएंगे, जो कारगर साबित होगा। आज अचानक धन मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। कार्यों में माता-पिता का सहयोग मिलने से आपको प्रसन्नता होगी।

मकर




आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके बिजनेस में तरक्की होने के योग बने हुए हैं। अपने आसपास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। किसी काम में कम मेहनत से ही सफलता मिल जाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। खिलाड़ियों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे वह खेल में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

कुंभ



आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। आज आप सकारात्मक सोच के साथ कार्यों को करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज ऑफिस में अपने कार्यों को ध्यानपूर्वक करें, ताकि आपकी कोई बैक-बाइटिंग न कर पाए। इस राशि के व्यवसाय से जुड़े लोगों को उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा।

मीन



आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। परिवार में अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर लेने से मन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे।

डोंगरगांव में अवैध गैस कारोबार का बड़ा खेल

डोंगरगांव (दावा)। नगर के मुख्य मार्ग में में संचालित बड़े हॉटलों में बगैर वैध दस्तावेज के बड़ी संख्या में गैस सिलेण्डर खपाया जा रहा है. खुलेआम चल रहे इस अवैध धंधे की ओर शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग की नजर क्यों नहीं है, इसे अच्छे से समझा जा सकता है. सूत्रों की हवाले से खबर आ रही है कि शहर के अधिकांश हॉटलों में बाहरी अन्य एजेंसी के व्दारा खाद्य पदार्थों के निर्माण और हॉटल संचालन के लिए एलपीजी गैस की सप्लाई धड़ल्ले से बगैर कोई दस्तावेज के की जा रही है. इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि इन प्रतिष्ठानों में खपाए जा रहे अधिकांश सिलेंडर स्थानीय स्तर के बजाय अन्य शहरों की गैस एजेंसियों के माध्यम से मंगाए जा रहे हैं. गंभीर बात यह है कि इन सिलेंडरों की सप्लाई पूरी तरह बगैर किसी वैध पेपर, कैश मेमो, बिल या डिस्पैच वाउचर के की जा रही है.

बाहरी शहरों की एजेंसियों और बिचौलियों का नेटवर्क

सूत्रों के अनुसार, आसपास के शहरों और कस्बों में संचालित कुछ गैस एजेंसियों के कर्मचारियों तथा स्थानीय बिचौलियों की मिलीभगत से यह पूरा अवैध नेटवर्क संचालित हो रहा है. लोडिंग वाहनों के जरिए सुबह-शाम बिना किसी वैध परिवहन दस्तावेज या इनवॉइस के सिलेंडर डोंगरगांव शहर में लाए जाते हैं और सीधे होटलों, चाय, दुकानों व अवैध रिफिलिंग करने वालों को खपा दिए जाता है.

तेल कंपनियों के नियमों के तहत प्रत्येक गैस एजेंसी का एक निर्धारित भौगोलिक कार्यक्षेत्र होता है और कोई भी एजेंसी अपने क्षेत्र से बाहर सप्लाई नहीं कर सकती. बिना कागजात के दूसरे शहर से हो रही यह सप्लाई स्पष्ट रूप से एलपीजी (रेगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर, 2000 का उल्लंघन है और एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती है.

भीड़भाड़ वाले इलाकों में मंडरा रहा विस्फोट का खतरा

नगर के व्यस्ततम चौराहों, शैक्षणिक संस्थानों के आसपास और मुख्य बाजार की संकरी गलियों में स्थित कई हॉटलों में खुलेआम सिलेंडर जलते देखे जा सकते हैं. अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में संचालक एक ही भट्टी के पास दो से तीन घरेलू सिलेंडर रखकर काम कर रहे हैं जबकि अधिकांश दुकानों में अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) तक की कोई व्यवस्था नहीं है. सुरक्षा मानकों की इस अनदेखी के बीच यदि कभी गैस रिसाव या आगजनी की घटना होती है, तो यह घनी आबादी वाले क्षेत्र में भीषण विस्फोट का रूप ले सकती है. इसके अतिरिक्त, बिना वैध बिल और पंजीकृत कनेक्शन के खरीदे गए सिलेंडर से दुर्घटना होने पर पीड़ितों को तेल कंपनियों की ओर से मिलने वाले पब्लिक लायबिलिटी इंश्योरेंस के लाभ से भी वंचित रहना पड़ता है.



- बाहरी शहरों की एजेंसियों से बिना दस्तावेज होटलों में खप रहे सिलेंडर
- न बिल-बाउचर का पता न सुरक्षा के इंतजाम
- भीड़भाड़ वाले इलाकों में बड़े हादसे की आशंका

शासन को राजस्व की चपत, आम उपभोक्ता परेशान

एक ओर जहाँ आम उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर लेने के लिए तमाम नियम कायदों से गुजरना पड़ता है वहीं अवैध तरीकों से खप रहे इन गैस सिलेण्डरों से डोंगरगांव शहर में बड़े बड़े हॉटल संचालित किये जा रहे हैं. इससे एक ओर जहां शासन को जीएसटी और राजस्व का सीधा नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में घरेलू गैस की कृत्रिम किल्लत और कालाबाजारी भी बढ़ रही है.


वाहन जांच और सिलेंडरों के बैच नंबर से पड़ताल की मांग

आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग और बिना दस्तावेज परिवहन दंडनीय अपराध है. इसके बावजूद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा लंबे समय से कोई सघन कार्रवाई नहीं की गई है. क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर में प्रवेश करने वाले संदिग्ध लोडिंग वाहनों की आकस्मिक जांच करे और होटलों-ढाबों पर छापामार कार्रवाई करे. साथ ही, जब्त किए गए सिलेंडरों के बैच और सीरियल नंबर के आधार पर यह पता लगाया जाए कि वे किस शहर की एजेंसी से जारी हुए हैं ताकि संबंधित एजेंसी के स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर उसका लाइसेंस निरस्त करने की कठोर कार्रवाई की जा सके.

> आपके माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है, शीघ्र ही जांचकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
> - अनिकेत साहू एसडीएम डोंगरगाँव

पहला कॉलम...

गौतम चंद जैन विधायक प्रतिनिधि नियुक्त : श्रीमती बघेल द्वारा स्वास्थ्य विभाग दी गई जिम्मेदारी



डोंगरगढ़ (दावा)। मुढ़ीपार क्षेत्र के लोकप्रिय व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी गौतमचंद जैन को विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधि गौतम चंद जैन ने विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दायित्व मुझे मिला है उस दायित्व को बहुत ही निष्ठा पूर्ण रूप से निभाऊंगा। और साथ में कांग्रेस पार्टी के संगठन को भी मजबूत करूंगा। हाल ही में श्रवण कुमार का अवार्ड संस्कार सेवा मध्य प्रदेश भोपाल से सम्मानित किए गए श्री जैन को 20 अगस्त को अखिल भारतीय आकाशवाणी केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर महेंद्र मोदी ठाकुर ने जूनियर अमीन सैनी की उपाधि देकर सम्मानित किया था।

ट्रेन से गिरकर ज़ख्मी हुआ युवक, उपचार के लिए भेजा गया हास्पीटल



राजनांदगांव (दावा)। सोमवार को स्टेशन मुढ़ीपार में छावनी भिलाई निवासी एक युवक ट्रेन से गिरकर ज़ख्मी हो गया। उसे आजाद हिन्द एक्सप्रेस से राजनांदगांव लाया गया। जीआरपी निरीक्षक जनक प्रसाद तिवारी ने बताया कि तीरथ पटेल नाम 40 वर्षीय युवक अज्ञात ट्रेन से गिरकर ज़ख्मी हो गया। उसे शाम को एक एक्सप्रेस ट्रेन से राजनांदगांव स्टेशन लाए जाने उपरांत उसकी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज हास्पीटल भेज दिया गया है।

आज कोपेडीह में मेला का आयोजन

तुमड़ीबोड़ (दावा)। ग्राम कोपेडीह में हनुमान मंदिर के पास कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 24 नवंबर दिन मंगलवार को मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए झन भूलो मां बाप ला नाच पार्टी ग्राम मोखा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम के कोमल साहू, टेलनशिंग वर्मा ने यह जानकारी देते हुए अंचल के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

अध्यक्ष रमन डोंगरे के नेतृत्व में पालिका परिवार ने कीर्तन जुलूस का किया स्वागत



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में गुरुनानक जयंती के अवसर पर स्थानीय सिख समुदाय और गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पारंपरिक रूप से प्रभात फेरी, नगर कीर्तन (शोभायात्रा) और लंगर का आयोजन किया गया। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व से 48 घंटे पहले गुरुद्वारे में अखंड पाठ के साथ जयंती से एक दिन पहले नगर कीर्तन निकाला गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे के नेतृत्व में पालिका परिवार की ओर से शोभायात्रा का पूरी श्रद्धा के साथ स्वागत सत्कार किया गया। यह शोभायात्रा स्थानीय गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों व बाजार चौक से होकर गुजरी। इसमें पंज प्यारों की अगुवाई में फूलों से सजी पालकी साहिब (श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी) निकाली गई । मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और नगरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान से स्वागत किया गया।जिसके बाद जुलूस पुनः गुरुद्वारे पहुँचकर अरदास और गुरु का लंगर के साथ संपन्न हुआ। नगर पालिका परिषद कार्यालय के समीप स्वागत करने वालों में,नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे,उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा,बाजार सभापति सुमित ताम्रकार एवं पार्षद गण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत बेलगांव में आज विशाल रक्तदान शिविर- रक्तदाताओं का हेलमेट प्रदान कर किया जाएगा सम्मान

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। आज समीपस्थ आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में ग्राम पंचायत एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। सरपंच कौशल चंद्रवंशी कीर्तन चंद्रवंशी महेंद्र गजपल्ला ने बताया कि रक्तदाता रक्त वीरों को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति की ओर से कहा गया कि,आज किसी न किसी को हर रोज अस्पताल में रक्त की जरूरत पड़ती है एक यूनिट रक्त से किसी की जिंदगी को नया जीवन मिल सकता है।इसी उद्देश्य से आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है आयोजकों ने अपील की है कि एक यूनिट रक्तदान कर किसी की सहायता करें एवं उसे नई जिंदगी दे।

डोंगरगढ़ में मितानिन दिवस पर हुआ भव्य सम्मान, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने निभाया वादा



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ में मितानिन दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ शहर में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की अलख जगाने वाली सभी मितानिन बहनों और उनके सुपरवाइजर का साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष भाई सुमित सोनी, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभी पार्षदगण, एल्डरमैन एवं बड़ी संख्या में मितानिन बहनें उपस्थित रहीं।

पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने कहा कि,मितानिन बहनें संपूर्ण डोंगरगढ़ में स्वास्थ्य संबंधी एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी आम लोगों तक पहुंचाकर उन्हें जागरूक करने का काम करती हैं। सरकार की स्वास्थ्य संबंधी सभी योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने में इनकी अहम भूमिका है।डोंगरगढ़ में होने वाली डिलीवरी में मितानिन बहनें प्रसूता के साथ रहती हैं। वहीं जो डिलीवरी डोंगरगढ़ में संभव नहीं हो पाती है, उन्हें राजनांदगांव ले जाकर डिलीवरी करवाकर, दो-तीन दिन उनके साथ रहकर उपचार दिलाती हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने आगे कहा कि उन्होंने कमिटमेंट किया था कि मैं हर साल आप लोगों का सम्मान करूंगा और प्रतिवर्ष उस सम्मान को मैं निभा रहा हूं। इसी क्रम में इस वर्ष भी सभी मितानिन बहनों को और उनके सुपरवाइजर को साड़ी और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि मितानिन कार्यक्रम की शुरुआत 2002 में हुई थी, जिसने देश के राष्ट्रीय आशा कार्यक्रम को प्रेरित किया। छत्तीसगढ़ में हर साल 23 नवंबर को मितानिन दिवस या मितानिन सम्मान दिवस मनाया जाता है। यह दिन ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने वाली मितानिन बहनों के योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। जिसका उद्देश्य मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण, संक्रामक रोगों की रोकथाम और स्वास्थ्य जागरूकता में मितानिनों की भूमिका को सराहना करना है। डोंगरगढ़ सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सम्मान समारोह आयोजित किए गए।

आरती रिंकू महोबिया को दोबारा मिली जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष की कमान, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर आरती रिंकू महोबिया को पुनः नियुक्त किया गया है। उन्हें दोबारा अध्यक्ष पद की कमान मिलने पर कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

पुनः जिम्मेदारी मिलने पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि मनरखन देवांगन, डॉ. श्रुति यसेश सिंह, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता मनोहर सेन, पूरन सारथी, जिला सचिव जितेंद्र सिंह गौर, शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्र जीत सिंह छोटू, नरेन्द्र सेन सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

दोबारा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद आरती रिंकू महोबिया ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर दोबारा विश्वास जताते हुए जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी। साथ ही जिले में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने तथा महिलाओं के अधिकारों और सम्मान से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला महिला कांग्रेस की संगठनात्मक गतिविधियां और अधिक सशक्त होंगी।

अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी

राजनांदगांव (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर डोंगरगढ़ में केन्द्र प्रशासक के 1 पद, साईको-सोशल काउंसलर 1 पद, केस वर्कर 2 पद, पैरा लीगल कार्मिक व वकील 1 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक 1 पद, कार्यालय सहायक 1 पद, बहुउद्देशीय कर्मचारी व रसोईया 3 पद, सुरक्षा गार्ड व नाईट 3 पद हेतु प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदनों के स्कूटनी उपरांत अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी की गई है। सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

तेंदूभाठा में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन, जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह हुए शामिल



खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उदान आश्रित ग्राम तेंदूभाठा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में ग्रामीण अंचलों का चौतरफा विकास निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए श्री सिंह ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को रोक रखा था, जिसके चलते गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना अधूरा था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले ग्रामीण क्षेत्रों के 18 लाख रुके हुए आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे यह स्पष्ट होता है,कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा भी करती है। विक्रांत सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी ग्रामीण क्षेत्रों में आवासों की स्वीकृति दी जाएगी, ताकि जो पात्र हितग्राही अब तक लाभ से वंचित रह गए हैं, उनका भी पक्का घर होने का सपना साकार हो सके।

इस भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जैनेन्द्र जंघेल, दीना वर्मा, अशोक पाल, खेलन वर्मा, छत्रपाल सिंह लोधी, धनीराम लोधी, अमर सिंह, सुनील साहू और अवध राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

ग्राम बेलगांव में गौरा-गौरी पूजा व मड़ई मेला का भव्य आयोजन, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा हुई शामिल





खैरागढ़ (दावा)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम बेलगांव (पैलीमेटा) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पारंपरिक गौरा-गौरी पूजा एवं भव्य मड़ई मेला का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने विधि-विधान से गौरा-गौरी माता की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि मड़ई मेला और लोक पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारा मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने ग्रामवासियों को कार्तिक पूर्णिमा व मड़ई मेला की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में आए ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

300 करोड़ की सड़क निर्माण परियोजना पर उठे सवाल गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की मांग

0 भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले भाजपा नेता का विरोध और पुतला दहन हास्यास्पद - मनोज कांडे मंडल अध्यक्ष एलबी नगर

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव से मोहला-मानपुर तक लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में सवाल उठने लगे हैं। इतनी बड़ी राशि से बनने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन और विकास की उम्मीद है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित मापदंडों के पालन और ठेकेदार की कथित मनमानी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। करोड़ों रुपये की इस परियोजना में यदि निर्माण की गुणवत्ता से समझौता हो रहा है, तो यह केवल सरकारी धन का मामला नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और सुविधा से भी जुड़ा गंभीर विषय है।

भाजपा नेताओं की कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध तीखी प्रतिक्रिया सामने आई

इस पूरे मामले पर लालबहादुर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे ने सरपंच संघ डोंगरगढ़ के संरक्षक जाफर अली, वरिष्ठ भाजपा नेता, राजेन्द्र तिवारी, बेदराम ताम्रकर, अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं, तब संबंधित विभाग और ठेकेदार को सामने आकर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इसके विपरीत निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेता भरत वर्मा को कथित रूप से विरोध और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उन्हें देख लेने तथा निर्माण कार्य बंद कराने जैसी बातें कही गईं। यदि ऐसा हुआ है तो यह बेहद गंभीर मामला है।

भ्रष्टाचार पर सवाल उठाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी

एलबी नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे एवं सरपंच संघ के संरक्षक जफर अली ने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी जनप्रतिनिधि, राजनीतिक कार्यकर्ता अथवा आम नागरिक को सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाने का पूरा अधिकार है। विकास कार्य जनता के पैसों से होते हैं, इसलिए जनता को यह जानने का अधिकार है कि उनके पैसों का उपयोग किस गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। यदि कोई नेता सड़क निर्माण में गड़बड़ी की ओर ध्यान आकर्षित करता है, तो उसकी बातों की जांच होनी चाहिए, न कि राजनीतिक विरोध और दबाव बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेता भरत वर्मा को निशाना बनाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाना हास्यास्पद है। विपक्षी दल को यदि निर्माण कार्य में कोई गड़बड़ी नजर नहीं आती तो उसे तथ्यों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। केवल राजनीतिक विरोध के लिए किसी व्यक्ति की आवाज दबाने का प्रयास उचित नहीं है।



ठेकेदार की राजनीतिक पहुंच को लेकर भी लगाए आरोप

एलबी नगर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार के प्रदेश के दो प्रभावशाली कांग्रेस नेताओं से अच्छे संबंध हैं। उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि क्या राजनीतिक संबंधों के चलते निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेता का विरोध किया जा रहा है? भाजपा नेताओं ने सवाल किया कि क्या किसी ठेकेदार की राजनीतिक पहुंच इतनी प्रभावशाली हो सकती है कि उसके निर्माण कार्य पर सवाल उठाने वाले व्यक्ति के खिलाफ विपक्ष द्वारा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं? भ्रष्टाचार और गुणवत्ता संबंधी मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय संबंधित विभाग को निष्पक्ष जांच कराकर जनता के सामने सच्चाई रखने का मांग करना चाहिए।

कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी चर्चा का विषय

मनोज कांडे ने कहा कि विपक्षी कांग्रेस की भूमिका भी इस पूरे घटनाक्रम में सवालों के घेरे में है। विपक्ष का दायित्व केवल सत्ता पक्ष के खिलाफ राजनीतिक बयानबाजी करना नहीं, बल्कि जनता के हितों से जुड़े मामलों में सरकार और प्रशासन से जवाब मांगना भी है। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की ओर से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कोई प्रभावी पहल सामने नहीं आना चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष वास्तव में जनता के हितों को लेकर गंभीर है तो उसे सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की मांग करनी चाहिए। जनता के करोड़ों रुपये से बन रही सड़क के मामले में राजनीतिक दलों को एक-दूसरे पर आरोप लगाने के बजाय जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए।

सड़क की गुणवत्ता की जांच हो, राजनीतिक तमाशा नहीं

राजनांदगांव से मोहला-मानपुर तक बनने वाली सड़क क्षेत्र के विकास और आवागमन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री, सड़क की मोटाई, निर्धारित तकनीकी मापदंडों और कार्य की गुणवत्ता की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराया जाना आवश्यक है। यदि कहीं अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार कार्यवाही होनी चाहिए।

पहला कॉलम...

नाइजीरिया में नाव पलटने से 24 लोगों की मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी नाइजीरिया में अंतिम संस्कार में जा रही लोगों से भरी एक नाव पलट गई और इस दुर्घटना में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। नाइजीरिया की नेशनल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के प्रवक्ता मंजो एजेकी ने एक स्टेटमेंट में बताया कि बीते शुक्रवार को देश के दक्षिणी क्षेत्र के बायेल्सा राज्य में यह नाव यात्रियों को एक समुदाय से दूसरे समुदाय में अंतिम संस्कार के लिए ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में ही वह डूब गई।मंजो एजेकी के मुताबिक, सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन खोज चल रहा है, लेकिन यह नहीं बताया गया कि कितने लोग लापता हैं। पुलिस प्रवक्ता मूसा मोहम्मद ने कहा कि 24 और लोगों को बचाया गया है, जिन्हें मेडिकल हेल्प दी गई है। अफसरों ने यह नहीं बताया है कि नाव पर कुल कितने यात्री सवार थे।

मूसा मोहम्मद ने बताया कि शुरुआती रिपोर्टों से मालूम चलता है कि नाव में कोई टेक्निकल खराबी आ गई थी। यात्रियों ने नाव चलाने वाले से इसे किनारे की तरफ ले जाने के लिए कहा, लेकिन उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। बताया जा रहा है कि इसके बाद नाव चलाने वाला मौके से भाग गया, जबकि नाव के मैनेजर को पकड़ लिया गया है। वहीं, बायेल्सा राज्य सरकार ने इस पर रिएक्शन देते हुए नाव संचालकों और यात्रियों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। एक स्टेटमेंट में बायेल्सा की सूचना आयुक्त एबियुवो कोकू-ओबियाई ने कहा, %तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग, लापरवाही और बिना लाइफ जैकेट के यात्रा करना बंद होना चाहिए। कोई भी यात्रा किसी की जान से ज्यादा कीमती नहीं है।

अमेरिका : लुइसियाना में रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रक से टकराई यात्री ट्रेन, दो डिब्बे पटरी से उतरे

नई दिल्ली। अमेरिका के दक्षिणी लुइसियाना में रविवार शाम एक बड़ा रेल हादसा हुआ। करीब 100 लोगों को लेकर जा रही एमट्रैक यात्री ट्रेन एक ट्रक से टकरा गई। यह ट्रक बुलडोजर ले जा रहा था। अधिकारियों ने हादसे की जानकारी दी। यह दुर्घटना स्थानीय समय के अनुसार शाम करीब छह बजे हुई। यह हादसा अमेरिकी राजमार्ग 90 पर थ्रू-वे पार्क रोड के पास हुआ। यह रास्ता लाफायेट और ब्रूसार्ड को जोड़ता है। लाफायेट पुलिस विभाग के मुताबिक, रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन एक फ्लैटबेड ट्रक से टकरा गई। ट्रक पर भारी निर्माण उपकरण लदा था। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेन के पहले दो यात्री डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के समय ट्रेन में कुल 96 यात्री और रेलवे कर्मचारी सवार थे। लाफायेट पैरिश के अलग-अलग इलाकों से आपातकालीन सेवाओं की टीमें मौके पर पहुंचीं। उन्होंने यात्रियों की मदद की।

साथ ही, घायलों की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के मुताबिक, चार यात्रियों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। उन्हें ऐसी चोटें आई थीं, जिनसे जान को खतरा नहीं था। कई अन्य लोगों की भी मौके पर जांच की गई। इनमें ट्रेन के कर्मचारी भी शामिल थे। उन्हें मामूली चोटें आई थीं। पुलिस ने हादसे वाली जगह के पास अमेरिकी राजमार्ग 90 की पूर्व दिशा वाली दाईं लेन बंद कर दी। इस दौरान आपातकालीन टीमें और रेलवे कर्मचारी मौके से मलबा हटाने में जुट गए। लाफायेट पुलिस विभाग और रेलवे सुरक्षा अधिकारी हादसे की जांच कर रहे हैं। वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि टक्कर किन परिस्थितियों में हुई। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि ट्रेन के आने के समय ट्रक रेलवे क्रॉसिंग पर क्यों मौजूद था।

समुद्री खेलों के शौकीनों के लिए खुशखबरी, लौट रहा ओशन गोल्ड कप

मुंबई। समुद्री खेलों और रोमांचक गतिविधियों से जुड़े ओशन गोल्ड कप के दूसरे सीजन का आयोजन 4 जनवरी 2027 से होने जा रहा है। आयोजन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, ओशन गोल्ड कप सीजन-2 मुंबई से गोवा के लिए रवाना होगा। इस आयोजन के माध्यम से समुद्री खेलों और साहसिक गतिविधियों को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में लाने की तैयारी है। मुंबई से गोवा तक का समुद्री मार्ग इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगा।ओशन गोल्ड कप के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद समुद्री खेलों में रुचि रखने वाले लोगों के लिए एक नया अवसर सामने आया है। मुंबई और गोवा दोनों ही भारत के पश्चिमी समुद्री तट के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ऐसे में इन दोनों स्थानों को जोड़ने वाला आयोजन समुद्री गतिविधियों के लिहाज से विशेष महत्व रखता है।आयोजकों के अनुसार, ओशन गोल्ड कप सीजन-2 में देश के प्रमुख नौकायन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह लगभग 250 नॉटिकल मील की ऑफशोर यॉट रेस होगी, जिसमें प्रतिभागी अरब सागर के रास्ते मुंबई से गोवा तक यात्रा करेंगे। सप्ताहभर चलने वाले कार्यक्रम में ओशन गोल्ड ऑफशोर रेस और गोवा यॉटिंग रेंडेजवस जैसे आयोजन शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता को यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मंजूरी मिली है। इसे एसोसिएशन के आधिकारिक 2027 कैलेंडर में भी शामिल किया गया है। दूसरे सीजन का आयोजन एमजी एंड जी एरिया सेलिंग क्लब और ओशन गोल्ड बोट क्लब द्वारा यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है।

आज भारत और यूएई के बीच खेला जाएगा एशिया कप राइजिंग स्टार्स का मैच



नई दिल्ली। एशिया कप राइजिंग स्टार्स में मुकाबले जारी है। भारत की ए टीम तिलक वर्मा की कप्तानी में अपना दूसरा मैच हार गई है। हालांकि पहला मैच टीम नेपाल से जीतने में कामयाब रही थी, इसलिए उसके पास दो अंक हैं और टीम सेमीफाइनल में जाने की रेस से बाहर नहीं हुई है।

इस बीच भारतीय टीम अब अगले मैच के लिए तैयारी कर रही है, जो काफी अहम है, अगर इस मैच में हार मिली तो फिर इस टूर्नामेंट में सफर समाप्त भी हो सकता है। अगला मैच कब और कहां खेला जाएगा, ये जान लीजिए। साथ ही मैच की टाइमिंग जरूर नोट कर लीजिए, क्योंकि मुकाबला सुबह शुरू हो जाएगा।

भारत की ए टीम तिलक वर्मा की कप्तानी में एशिया कप राइजिंग स्टार्स में अपना अगला मैच यूएई के खिलाफ खेलेगी। ये मैच 24 नवंबर यानी बुधवार को खेला जाएगा। भारत ने 22 नवंबर को ही पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, अब एक दिन के गैप के बाद फिर से मुकाबले की बारी है। ये मैच भी दोहा में ही खेला जाएगा। जहां तक मैच शुरू होने के वक्त की बात है तो ये मुकाबला भारतीय समय अनुसार सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू हो जाएगा। इससे आधे घंटे पहले यानी 11 बजे टॉस होगा। इससे पहले भारत ने जो दो मैच खेले हैं, वो साढ़े तीन बजे शुरू हुए थे, लेकिन इस मैच की टाइमिंग अलग है।

पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें सेमीफाइनल में पहुंचीं

अभी तक पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें अपनी अपनी जगह सेमीफाइनल में बना चुकी हैं, अभी चौथी टीम का स्पॉट खाली है। उसके लिए टीम इंडिया की असली दावेदार हैं। 26 नवंबर से सेमीफाइनल मैच होने शुरू हो जाएंगे। 26 को पहला और उसके बाद 27 नवंबर को दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इ मैचों को जीतने वाली टीमें फाइनल में जाएंगी। एशिया कप राइजिंग स्टार्स का फाइनल मैच 29 नवंबर यानी रविवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम की कोशिश होगी कि अपना अगला मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचा जाए, इसके बाद फाइनल में भी अपनी जगह पक्की की जाए।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट 27 को

नई दिल्ली। टीम इंडिया का न्यूजीलैंड दौरा जारी है। इस वक्त टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पहला मुकाबला हो गया है, जो ड्रॉ पर खत्म हुआ है। अब दूसरा मैच खेला जाएगा। खास बात ये है कि पहले और दूसरे मैच में ज्यादा अंतर नहीं है। यानी काफी कम दिन का गैप है। अगला मुकाबला कब खेला जाएगा, ये जान लीजिए और साथ ही मैच शुरू होने का वक्त भी नोट कर लीजिए, ताकि इस मैच को आप देख सकें।

भारतीय टीम का न्यूजीलैंड दौरा अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। पहले टी20 सीरीज खेली गई, जो भारत ने अपने नाम की। इसके बाद वनडे मुकाबले हुए, उसे भी टीम इंडिया ने अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की थी। इसके बाद अब टेस्ट मैच चल रहे हैं। पहला टेस्ट हो गया है, जो बिना रिजल्ट के समाप्त हो गया, यानी ड्रॉ रहा। अब दूसरे मैच की बारी है। सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 27 नवंबर यानी शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से शुरू होगा, जो कि क्राइस्टचर्च में खेला जाना है। मैच भारतीय समय अनुसार सुबह साढ़े तीन बजे से शुरू हो जाएगा। पहले दिन इससे आधे घंटे पहले यानी सुबह तीन बजे टॉस होगा। जैसा कि पहले मैच में हुआ था। भारत और न्यूजीलैंड के समय में काफी ज्यादा अंतर है, इसलिए सुबह सवेरे मैच शुरू हो रहे हैं। साथ ही जब भारत में दिन का करीब 11 बजता है, तब तक दिन का खेल खत्म भी हो जाता है।

ये सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही है। पहले टेस्ट के ड्रॉ होने से न्यूजीलैंड को उसकी अंक तालिका में एक पायदान नीचे आना पड़ा है और भारत का पीसीटी कम हुआ है। हालांकि टीम अभी भी चौथे नंबर पर मौजूद है।

युवराज सिंह के पिता योगराज पर फूटा पृथ्वी शॉ का गुस्सा, लीगल एक्शन लेने की दी चेतावनी



नई दिल्ली। भारतीय टीम के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही है। पृथ्वी का कहना है कि उनकी प्रतिष्ठा को अगर कोई नुकसान पहुंचाता है, तो वे उसके खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे। योगराज ने शॉ के निजी जीवन पर टिप्पणी की थी और उनके करियर में आए उतार को शराब और लड़की के साथ जोड़ा था।

गौरतलब हो कि भारत को अपनी कप्तानी में 2018 में शॉ ने वर्ल्ड कप जिताया था। उन्हें भारत का भविष्य माना जाता था और इस खिलाड़ी ने टीम इंडिया के लिए 18 साल की उम्र में टेस्ट में डेब्यू कर लिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्होंने डेब्यू पर शतक जड़ा। हालांकि, लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और टीम इंडिया से बाहर हो गए। उनके निजी जीवन में भी कई तरह के विवाद देखने को मिले, जिसके बाद योगराज ने उनकी तुलना विनोद कांबली से की थी। योगराज ने स्पोर्ट्स लॉन्चपैड पर बात करते हुए शॉ पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा, शॉ की हालत क्यों खराब हुई? उनसे पहले विनोद कांबली के साथ भी ऐसा हुआ।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ

नई दिल्ली. भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा. 352 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की ओर से जबरदस्त बैटिंग देखने को मिली, जिससे भारतीय टीम उसके 5 विकेट से ज्यादा नहीं गिरा सकी. इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों से दमदार प्रदर्शन देखने को मिला.

ऋषभ पंत (128) और केएल राहुल (136) ने रिकॉर्डतोड़ शतक ठोके. इसके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 98, यशस्वी जायसवाल ने 85 और देवदत्त पडिक्कल ने 80 रन की पारी खेली. हालांकि, प्लेयर ऑफ द मैच किसी भी भारतीय बल्लेबाज को नहीं, बल्कि न्यूजीलैंड के हेनरी निकोल्स को मिला. दरअसल, हेनरी निकोल्स मुकाबले में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. पहली पारी में मुश्किल में फंसी अपनी टीम को निकोल्स ने ही निकला था. निकोल्स ने पहली पारी में नाबाद 175 रन बनाए और ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर छठे विकेट के लिए 216 रन की साझेदारी करते हुए न्यूजीलैंड को 368 रन के स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. वहीं, दूसरी पारी में उन्होंने 31 रन बनाए. दोनों पारियों में कुल मिलकर उन्होंने 206 रन बनाए. इस शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.



हेनरी निकोल्स बने प्लेयर ऑफ द मैच

हेनरी निकोल्स ने शतकीय पारी खेलकर केन विलियमसन के रिकॉर्ड की बराबरी भी की. दरअसल, वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान पर हेनरी निकोल्स का यह 15 पारियों में 5वां शतक ठोका. इससे वह इस ग्राउंड पर न्यूजीलैंड की ओर से सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर पहुंच गए. निकोल्स की तरह ही विलियमसन ने भी इस मैदान पर 5 शतक लगाए हैं. हालांकि, विलियमसन ने यह मुकाम 30 पारियां खेलकर हासिल किया था. निकोल्स 15 पारियों में 5 सेंचुरी के अलावा, इस ग्राउंड पर 4 अर्धशतक भी लगा चुके हैं. हेनरी निकोल्स ने भारत के खिलाफ टेस्ट मैच में नया रिकॉर्ड भी बनाया. वह भारत के खिलाफ टेस्ट की एक पारी में नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बन गए. इससे पहले यह रिकॉर्ड एंड्रयू जोन्स के नाम था.

टेस्ट में कुलदीप यादव की अनदेखी से नाराज हुए सौरव गांगुली, मैनेजमेंट के फैसले पर खड़े किए सवाल

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वेलिंगटन में खेला गया पहला टेस्ट मैच समाप्त हो गया है. मुकाबले का कोई नतीजा नहीं निकला. पांचवें दिन ऐसा लगा था कि टीम इंडिया जीत जाएगी लेकिन न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने मैच बचा लिया. टीम इंडिया की प्लेइंग-11 भी चर्चा में रही थी. मोहम्मद सिराज को बाहर बिठाया गया था. इस बात से दिग्गज क्रिकेटर्स नाराज थे. अब पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी मुकाबले को लेकर अपनी बात रखी है. उन्होंने मैनेजमेंट से सवाल पूछा है कि स्पिनर कुलदीप यादव कहां थे. गांगुली ने कहा कि मुख्य स्पिनर के रूप में उन्हें जगह क्यों नहीं दी गई.

पहले टेस्ट मैच में चार तेज गेंदबाज खिलाए गए थे. अनुभवी मोहम्मद सिराज को बाहर किया गया था. इसके अलावा वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया गया था. रवींद्र जडेजा बेंच पर बैठे थे. कुलदीप यादव को भी एक हफ्ते पहले टेस्ट से रिलीज कर दिया. उनकी जगह गुरनूर बरार को स्क्वॉड में शामिल किया गया. पहला टेस्ट ड्रॉ होने के बाद सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी. उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों की तारीफ की. साथ ही साथ सौरव ने चिंता भी जताई. गांगुली ने साफ कहा कि भारत को वेलिंगटन जैसी पिच पर टेस्ट जीतने के लिए स्पेशलिस्ट स्पिनर की जरूरत है.



गांगुली ने कहा, च्चमैनेजमेंट को ये समझना होगा कि टाइम के साथ सपाट होने वाली पिचों पर टेस्ट मैच जीतने के लिए एक स्पिनर की जरूरत होती है. टेस्ट क्रिकेट में आपको एक स्पिनर तो किसी भी हाल में खिलाना होगा. वॉशिंगटन सुंदर एक ऑलराउंडर के रूप में खेल सकते हैं. मैं क्रष्ठष्ठ से पूछता हूं कि कुलदीप यादव या मानव सुथार कहां हैं?ज्ज् वैसे वेलिंगटन टेस्ट में एक मुख्य स्पिनर की जरूरत पड़ी थी. सुंदर एक ही विकेट ले पाए. तेज गेंदबाजों को पिच से बिल्कुल मदद नहीं मिली. ऐसे में कुलदीप कमाल दिखा सकते थे.

न्यूजीलैंड ने पहली इनिंग में 368 रन बनाए थे. वहीं टीम इंडिया ने 720 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. ऋषभ पंत और केएल राहुल ने शानदार शतक लगाए. भारतीय टीम ने तगड़ी लीड लेकर कीवी टीम को दबाव में ला दिया था. पांचवें दिन भारत को पारी से जीतने के लिए न्यूजीलैंड के आठ खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखानी थी. भारतीय गेंदबाज तीन ही विकेट चटका पाए. डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स आउट नहीं हुए. दोनों नाबाद रहे.

सलाइवा क्यों यूज नहीं कर सकते? शुभमन गिल ने गेंदबाजों के लिए उठाई आवाज



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने वेलिंग्टन टेस्ट मैच के बाद गेंदबाजों की वकालत करते हुए आईसीसी से एक गुहार लगाई है। गिल ने कहा है कि अब गेंदबाजों को सलाइवा का उपयोग करने की इजाजत दी जानी चाहिए।

पहले गेंदबाज गेंद को चमकाने के लिए अपने सलाइवा का उपयोग करते थे ताकि गेंद को चमका सकें और स्विंग प्राप्त कर सकें, लेकिन कोविड के दौरान आईसीसी ने संक्रमण फैलने से रोकने के लिए इस पर बैन लगा दिया था जो अभी तक जारी है। गिल ने कहा है कि अब कोविड को काफी समय हो चुका है इसलिए गेंदबाजों को सलाइवा के उपयोग की इजाजत दी जानी चाहिए। वेलिंग्टन टेस्ट मैच के ड्रॉ के बाद खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए गिल ने कहा कि आईसीसी को गेंदबाजों को गेंद को चमकाने के लिए सलाइवा के इस्तेमाल की इजाजत देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि गेंद को चमकाना (सलाइवा की मदद से) क्यों मान्य नहीं है। कोविड महामारी को गुजरे कई साल हो चुके हैं। मुझे नहीं पता कि अभी तक इसकी दोबारा इजाजत क्यों नहीं दी गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

0 पीएम मोदी ने नेपाल के पीएम बालेन शाह....

जनकपुर धाम के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस का वर्चुअली उद्घाटन किया। यह नई ट्रेन सेवा उत्तर प्रदेश के अयोध्या को नेपाल के जनकपुर धाम से जोड़ेगी।

ट्रेन उत्तर प्रदेश और बिहार के कई प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी। इसके मार्ग में मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, शीशो, मधुबनी और जयनगर शामिल हैं। अयोध्या धाम भी इस ट्रेन का एक प्रमुख स्टॉप होगा। यह साप्ताहिक ट्रेन सेवा दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। यात्रियों को अब बीच में ट्रेन बदलने की जरूरत नहीं होगी। नियमित यात्री सेवा 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। अयोध्या भगवान राम से जुड़ी नगरी है, जबकि जनकपुर धाम को माता सीता की जन्मभूमि के रूप में श्रद्धा से देखा जाता है।

दोनों स्थानों को रेल मार्ग से जोड़ने की पहल भारत और नेपाल के बीच धार्मिक पर्यटन और सीमा पार संपर्क को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पीएम मोदी की ओर से दिए गए सांस्कृतिक उपहारों और नई ट्रेन सेवा ने बालेन शाह की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों की साझा आध्यात्मिक विरासत को केंद्र में रखा।

0 वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन...

मेडिकल टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया। कॉलेज के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करने के बाद रिजिजू ने केंद्र सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने बहुत अच्छा काम किया है। मुझे इनमें से कुछ पहलों का उद्घाटन करने का मौका मिला। हलीमा बीबी नर्सिंग एंड मेडिकल कॉलेज में कई विकास कार्य हुए हैं और मुझे वहाँ के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करने का अवसर मिला।

0 विदेशों में भारत को बदनाम करने का ठेका....

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने भविष्य के संसाधनों के क्षेत्र में सुधार किया है। इसमें उन निवेशों और अवसरों को देखा जाता है, जो भारत के भविष्य को आकार दे सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस श्रेणी में भारत के अंक बढ़कर 56.2 हो गए हैं, जो उसकी आर्थिक क्षमता और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने कूटनीतिक प्रभाव के बारे में बताया है और व्यापक परिदृश्य पर भी चर्चा की है। अब बात करते हैं आर्थिक संबंधों में स्थिरता की। भारत उन पांच देशों में शामिल है, जिनके आर्थिक संबंधों में कोई गिरावट नहीं आई है। भारत इकलौता ऐसा देश है, जिसके आर्थिक संबंधों में गिरावट नहीं आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने रक्षा नेटवर्क में 18.6 अंक हासिल किए हैं और दो स्थान ऊपर चढ़कर नौवें नंबर पर आ गया है। भारत में आर्थिक विकास की एक नई लहर आई है। भारत वैश्विक गरीबी को कम करने के लिए विकास का एक महत्वपूर्ण इंजन बन गया है। पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में भारत एक अहम भूमिका निभाता है।

रविशंकर प्रसाद ने लोवी इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी इंस्टीट्यूट भारत की सराहना करता है तो अच्छी बात है। इसीलिए मैंने कहा कि राहुल गांधी हताश हैं। वे अगले 10 से 15 साल यहीं बने रहेंगे या फिर इससे भी नीचे जाएंगे। इसी दौरान भाजपा नेता ने आईएमएफ की रिपोर्ट की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण ग्रोथ इंजन है। भारत ने लगभग 50 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। राहुल गांधी अक्सर विदेशों में भारत को लेकर सवाल उठाते हैं, इसलिए उन्हें देश की इन उपलब्धियों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टों से भी अवगत कराना जरूरी था।

सबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे एशिया में क्षेत्रीय नेतृत्व के मामले में दूसरे सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे हैं। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसके आर्थिक संबंधों में कोई गिरावट दर्ज नहीं की गई है।

उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी से मैं कहना चाहूंगा कि न तो आपको पढ़ाने वाले तथ्यों का अध्ययन करते हैं और न ही आप स्वयं पढ़ते हैं। फिर विदेश जाकर किस आधार पर भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर बताते हैं? दूसरी बात, क्या आपने विदेशों में भारत को बदनाम करने का ठेका ले रखा है? आखिर किसके कहने पर आप देश की छवि खराब करने में लगे रहते हैं? मैंने भारत की कोई रिपोर्ट नहीं बताई। राहुल गांधी बताएं कि भारत को बदनाम करने का पट्टा किससे लिया है? जब भी विदेश जाते हैं, देश को बदनाम करने का काम करते हैं। मैं आज इस मंच से पीएम मोदी के संयम का अभिनंदन करूंगा। राहुल गांधी उनके बारे में क्या-क्या बोल जाते हैं। मैं सीधे तौर पर कहना चाहूंगा कि राहुल गांधी ने अपने परिवार की परंपरा को भी कलंकित किया है।

0 मथुरा की शादी में 2 करोड़ की नोटों .....

दोनों दूल्हे संगमरमर और स्टोन शोरूम के कारोबार से जुड़े हैं। वे किसान नेता महावीर स्वामी (भारतीय किसान यूनियन-भानु) के भतीजे भी बताए जाते हैं। घुड़चढ़ी के बाद दोनों की शादी गोवर्धन क्षेत्र के एक मैरिज हॉल में संपन्न हुई। आमतौर पर घुड़चढ़ी में बहनें जीजा से शगुन मांगती हैं, लेकिन यहां जीजा ने ही सालों को करोड़ों का तोहफा देकर रस्म को यादगार बना दिया। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इस तोहफे की खूब चर्चा कर रहे हैं। कुछ इसे जीजा-साले के प्यार का उदाहरण बता रहे हैं तो कुछ रईसी और दिखावे पर सवाल उठा रहे हैं। कई यूजर्स ने कमेंट में लिखा- 'साला हो तो ऐसा' और ÷ये तो असली शाही शादी है÷। वहीं कुछ लोग नोटों के स्रोत और इतनी बड़ी रकम को लेकर भी सवाल कर रहे हैं। हालांकि परिवार या जीजा की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

0 पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर पश्चिम बंग....

बंगला करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, राजनीतिक सहमति न बन पाने के कारण उस समय यह प्रयास सफल नहीं हो सका।

2011 में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद, राज्य का नाम बदलने का मुद्दा फिर से सामने आया। तृणमूल कांग्रेस ने प्रस्ताव दिया था कि राज्य का नाम बंगाली में बंगला, हिंदी और अंग्रेजी में बंगाल रखा जाए। इसके बाद, 2018 में पश्चिम बंगाल विधानसभा में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें सभी भाषाओं के लिए बंगला नाम को स्वीकार किया गया था। हालांकि, उस समय केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी थी।

अब, सोमवार को पश्चिम बंगाल कैबिनेट ने एक बार फिर राज्य का नाम पश्चिम बंगाल से बदलकर पश्चिम बंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि केंद्र सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी दे देगी, क्योंकि इस समय केंद्र और पश्चिम बंगाल, दोनों जगह भाजपा सत्ता में है।

0 देश की पहली बुलेट ट्रेन चलने का रास्ता....

इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए ट्रेन और उससे जुड़े बुनियादी ढांचे को तैयार किया गया है। बी-28 ट्रेन ने हवा के दबाव की सहनशीलता का परिक्षण भी पास कर लिया है। इसमें ट्रेन को सामान्य परिचालन के दौरान अपेक्षित वायुमंडलीय दबाव से दोगुने दबाव की स्थिति में रखकर उसकी क्षमता जांची गई।

0 जामा मस्जिद थाना चाकूबाजी मामले में पुलिस....

इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस को आरोपी पर गोलियां चलानी पड़ी। नियंत्रित गोलीबारी के जरिए आरोपी पर 8 गोलियां चलाई गई, जिसमें से उसे 6 गोलियां लगी। पुलिस के मुताबिक, सभी गोलियां कमर के नीचे मारी गईं। कुल आठ राउंड गोलियों में से छह आरोपी के पैरों में लगीं। इसके बाद घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

0 राष्ट्रीय सुरक्षा को कोई खतरा नहीं'.....

दूसरी ओर ह1द्वस्त्रद्वड्ड में वापसी पर जेनसन हुआंग ने कंपनी का आभार जताया। हुआंग ने कहा कि एक नई औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के इस दौर में दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण टेक कंपनियों में से एक का नेतृत्व करने के लिए एनवीडिया लौटकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

इसके अलावा हुआंग ने विश्वास जताने और इस पूरी प्रक्रिया में गंभीरता से विचार करने के लिए एनवीडिया बोर्ड, जोन्स, क्रेस, कर्मचारियों और अपने परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे काम पर लौटने के लिए बेताब हैं।

हालांकि, इसके अलावा हुआंग की वापसी से इस मामले की जांच खत्म नहीं हुई है। स्वतंत्र निदेशकों की एक समिति और स्वतंत्र वकील विदेशी खुफिया रिपोर्टों की जांच जारी रखेंगे, जिसे अंत तक पूरा किया जाएगा। हुआंग ने कहा है कि वे इस जांच का पूरा समर्थन करते हैं और सहयोग करेंगे। एएनआइ के अनुसार, एनवीडिया के बोर्ड अध्यक्ष हार्वे सी. जोन्स ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि बोर्ड का मानना है कि कंपनी के नेतृत्व के लिए हुआंग ही सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। उन्हें वापस लाने का फैसला शेयरधारकों, कर्मचारियों, साझेदारों और ग्राहकों के हित में है। हुआंग ने भी वापसी पर खुशी जताते हुए कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी विनम्रता और नए संकल्प के साथ स्वीकार कर रहे हैं।

हुआंग के समर्थक एलन मस्क ने भी एक्स पर उनकी वापसी का स्वागत किया। बताया गया है कि 1.80 लाख से अधिक लोगों ने आनलाइन हस्ताक्षर कर उनकी वापसी की मांग की थी। हालांकि, अमेरिकी सांसद एलिजाबेथ वारेन ने इस फैसले की तीखी आलोचना की है।

‘नशामुक्त युवा भारत-विकसित भारत’ के संदेश के साथ साल्हेवारा कॉलेज में हुई युवा संसद

गंडई-पंडरिया (दावा)। ‘मेरा युवा भारत’ (खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार) खैरागढ़-छुईखदान, गंडई के तत्वावधान में रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा में ‘नशामुक्त युवा भारत-विकसित भारत’ विषय पर आस-पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे के मार्गदर्शन में नेशनल यूथ वालंटियर शिव कुमार गात्रेकर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार रहीं, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य नीतू डोंगरे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य हेमलता मंडावी, निजाम मंडावी एवं वरिष्ठ पत्रकार शुक्ला उपस्थित रहे।



हस्ताक्षर अभियान व स्लोगन बॉक्स के जरिए युवाओं को किया जागरूक, सामूहिक रूप से ली गई नशामुक्ति की शपथ

विशेषज्ञों ने बताए नशे के दुष्परिणाम व कानून के नियम

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति के प्रति प्रेरित किया। शासकीय चिकित्सालय राजनांदगांव के डॉ. प्रकाश खुंटे (एम.डी.) ने नशे के शारीरिक और मानसिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक तुलेश्वर सेन ने जागरूक समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे, वहीं साल्हेवारा थाना प्रभारी सीताराम सागर ने कानून एवं अनुशासन के प्रति सचेत किया। इसके अलावा समाजसेवी मनोज साहू ने सामाजिक दायित्वों तथा आपदा प्रबंधन विभाग के मिथलेश पटेल ने सुरक्षा व आपदा बचाव के गुर सिखाए। विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि प्रियंका खम्मन ताम्रकार की उपस्थिति में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार व समाज को जागरूक करने की सामूहिक शपथ ली।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 21 नवंबर 2026 को दादा-दादी, नाना-नानी दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं स्नेहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए दादा-दादी, नाना-नानी का स्वागत बच्चों द्वारा तिलक लगाकर एवं उन पर पुष्प वर्षा करके किया गया।



इस आत्मीय स्वागत से सभी अतिथियों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें प्राचार्य अंजय कुमार, प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापक श्रीमती ज्योति रंगारी एवं पधारे हुए माननीय दादा-दादी, नाना-नानी जी ने सहभागिता की। दीप प्रज्वलन के पश्चात बच्चों द्वारा अति मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत गीत के दौरान बच्चों ने पधारे हुए दादा-दादी, नाना-नानी को अपने हाथों से बनाए हुए शुभकामना-पत्र (ग्रीटिंग कार्ड) भेंट कर उनका सम्मान किया और उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया। स्वागत गीत के बाद प्राचार्य श्री अंजय कुमार ने पधारे हुए सभी दादा-दादी, नाना-नानी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी हमारे परिवार की जड़ें और संस्कारों की धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बड़ों का आशीर्वाद ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी पूँजी है। इसके पश्चात बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। नृत्य प्रस्तुति के बाद दादा-दादी, नाना-नानी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर श्री श्यामलाल साहू जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खैरागढ़ के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में मुख्याध्यापक श्रीमती ज्योति रंगारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 5 ब के छात्र तन्मय वर्मा एवं कक्षा 5 अ की छात्रा सिद्धिका साहू द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

व्यापारी गौरव अलंकरण समारोह में पहुंचा राजनांदगांव का प्रतिनिधिमंडल



रायपुर में आयोजित समारोह में स्वदेशी अपनाने और स्वावलंबी भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने का किया गया आह्वान

राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी व्यापारी मंच द्वारा रायपुर के होटल विमतारा में आयोजित व्यापारी गौरव अलंकरण एवं सम्मान समारोह में राजनांदगांव के प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता की।

स्वदेशी व्यापारी मंच के प्रांत संयोजक अजय भसीन द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक शर्मा ‘प्रदीप’ तथा विशेष अतिथि के रूप में राकेश द्विवेदी एवं जगदीश पटेल उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजनांदगांव से स्वदेशी जागरण मंच का प्रतिनिधिमंडल विशेष रूप से शामिल हुआ। जिसमें स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक राकेश इंदु भूषण ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच के संभागीय विचार प्रमुख राजकुमार शर्मा, जिला सह संयोजक अनिमेष रॉय, जिला प्रचार प्रमुख भगवान झा एवं जिला संपर्क प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं नगर निगम सभापति राजा मखीजा भी सम्मिलित हुए। संस्कारधानी से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों के शामिल होने से आयोजन की गरिमा बढ़ी। समारोह में स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा देने, स्थानीय व्यापारियों के सम्मान तथा स्वावलंबी भारत के संकल्प को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

अतिथियों ने व्यापारियों से स्वदेशी अपनाने और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

‘छत्तीसगढी ला राजकाज के भाषा बनाए बर चुनौती’ विषय पर पुरवाही की गोष्ठी संपन्न

छुरिया (दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा (छुरिया) के तत्वावधान में शनिवार को गायत्री मंदिर परिसर में दीपावली मिलन एवं साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। रूपलाल सेन्द्राम व मोतीराम भलेंद्र के संयोजन में दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में ‘छत्तीसगढ़ी ला राजकाज के भाषा बनाए बर चुनौती’ विषय पर परिचर्चा हुई, वहीं द्वितीय सत्र में सरस काव्यपाठ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन-वंदन एवं अतिथियों का गुलाल व पुष्पगुच्छ से स्वागत कर किया गया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि सुभाष यादव (अध्यक्ष, तुलसी मानस प्रतिष्ठान राजनांदगांव) थे। अध्यक्षता गायत्री ट्रस्ट समिति छुरिया के अध्यक्ष तुलाराम साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सीईओ एम.एल. सोनबोइर, वरिष्ठ साहित्यकार गजेंद्र हरिहारनो ‘दीप’, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा एवं आनंद सार्वा उपस्थित थे। पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू ‘अंकुर’ ने विषय पर आधार वक्तव्य प्रस्तुत किया।



दीपावली मिलन समारोह में साहित्यकारों ने किया मंथन, काव्यपाठ में बिखरे विविध रस

मानकीकरण और 8वीं अनुसूची में शामिल करने पर जोर

परिचर्चा के दौरान वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा बनाने की राह में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से विचार रखे। साहित्यकारों ने कहा कि इसके लिए भाषा का मानकीकरण, बोलचाल को लेकर व्याप्त हीन भावना को दूर करना, अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना, स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना, संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाना और इसे सर्वजन की भाषा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

कविताओं से बांधा समां

दूसरे सत्र में आयोजित काव्यपाठ में कवियों ने वीर, श्रृंगार, हास्य और करुण रसों से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उमेश साहू, दिनेश कुरेटी ‘दिलेर’, ग्वालाप्रसाद यादव ‘नटखट’, कोमलसिंह गुरु, रमेश मंडावी ‘नित’, नंदकुमार साहू ‘नादान’, अलखराम यादव, डुकेश साहू, होरीलाल भुआर्य, गिरधारी सहारे, पंकज सोनी, रामनारायण साहू, हेमलाल सहारे, मनीराम साहू, योगेंद्र वर्मा एवं अनिल कनौजे सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

मां के सम्मान में घर बनेगा ‘न्याय मंदिर’, पिता की स्मृति में देहदान का संकल्प

खैरागढ़ (दावा)। सेवा, संस्कार और न्याय के प्रति समर्पण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप दास ने मरणोपरांत देहदान करने की घोषणा की है। शनिवार को समाजसेवियों की उपस्थिति में उन्होंने अपने इस संकल्प को सार्वजनिक किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने निजी आवास को ‘न्याय मंदिर’ के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया है। जहां आपसी सहमति से सुलझाए जा सकने वाले विवादों में दोनों पक्षों को बैठाकर समझौते के माध्यम से निःशुल्क निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने देहदान का संकल्प अपने पिता स्व. चंद्रमोहन दास की स्मृति में तथा ‘न्याय मंदिर’ की स्थापना अपनी माता के सम्मान को समर्पित की है।



खैरागढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप दास की प्रेरक पहल, आपसी समझौते से विवाद सुलझाने को निजी आवास में शुरू करेंगे ‘न्याय मंदिर’

पिता के निधन के बाद मन में जागा देहदान का विचार

प्रदीप दास ने बताया कि उनके पिता स्व. चंद्रमोहन दास न्यायिक सेवा से जुड़े रहे। अक्टूबर 1996 में पिता के निधन के बाद उनके मन में विचार आया कि मृत्यु के पश्चात शरीर को पंचतत्व में विलीन करने के बजाय चिकित्सा शिक्षा और शोध कार्यों के लिए दान किया जाए, ताकि जीवन के बाद भी मानवता की सेवा हो सके। वर्षों से मन में संजोए इस संकल्प को अब उन्होंने मूर्त रूप दिया है।

1962 में छिंदवाड़ा से शुरू हुई थी पिता की न्यायिक यात्रा

स्व. चंद्रमोहन दास वर्ष 1962 में छिंदवाड़ा में सिविल जज के रूप में पदस्थ हुए थे। अपनी न्यायिक सेवा के दौरान उन्होंने वर्ष 1981-82 में रायगढ़ में कार्यकारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश का दायित्व निभाया और बिलासपुर में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) के पद से वर्ष 1987 में सेवानिवृत्त हुए। पिता की इसी न्यायप्रियता और संस्कारों की छाप प्रदीप दास के जीवन में स्पष्ट झलकती है।

1988 में खैरागढ़ अधिवक्ता संघ से शुरू की वकालत

7 अगस्त 1959 को जन्मे प्रदीप दास ने वर्ष 1984 में रायगढ़ के स्वामी बालकृष्ण पुरी लॉ कॉलेज से विधि की प्रारंभिक शिक्षा ली और 1986-87 में बिलासपुर के कौशलेंद्र राव लॉ कॉलेज से एलएलबी पूर्ण की। वर्ष 1988 में तत्कालीन मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल (जबलपुर) में पंजीयन के साथ उन्होंने खैरागढ़ अधिवक्ता संघ की सदस्यता ग्रहण कर विधिक यात्रा शुरू की।

परिवार में कानून और न्यायिक सेवा की समृद्ध परंपरा

प्रदीप दास के परिवार में विधि और न्याय की मजबूत परंपरा रही है। उनके छोटे भाई सिविल इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त होने के साथ विधि स्नातक भी हैं, जबकि उनकी पत्नी सुनीता दास बिलासपुर हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं। उनकी बहन शारदा ने भी विधि की पढ़ाई की है तथा जीजा बिलासपुर में राज्य विधिक सेवा से जुड़े अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं।

संवाद और सामाजिक सौहार्द को मिलेगा बढ़ावा

अधिवक्ता प्रदीप दास ने बताया कि निजी निवास में स्थापित होने वाले ‘न्याय मंदिर’ का मुख्य उद्देश्य विवादों को अदालत में लंबा खींचने के बजाय लोगों को संवाद का मंच प्रदान करना है। आपसी बातचीत और सहमति से मामलों का समाधान होने से न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द भी बना रहेगा।

ग्राम पंचायत पैड़ी में महिला सशक्तिकरण और परिवार परामर्श कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट द्वारा ग्राम पंचायत पैड़ी में महिला सशक्तिकरण और परिवार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखने का संदेश दिया गया।

सर्वप्रथम चैरिटी ट्रस्ट के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक युग में प्रत्येक महिला का आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनती हैं, तो न केवल उनका परिवार मजबूत होता है, बल्कि समाज और राष्ट्र का भी सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए अपनी रुचि के अनुसार घरेलू उद्योग या अन्य स्वरोजगार के कार्य अपनाने के लिए प्रेरित किया।

आपसी सामंजस्य और संवाद से मजबूत होता है दांपत्य जीवन

परिवार परामर्श की कड़ी में स्थानीय निवासी कुणाल खरे के परिवार में पति-पत्नी के बीच उपजे वैचारिक मतभेदों को सुलझाया गया। आपसी संवाद, धैर्य और सहयोग की भावना से ही दांपत्य जीवन सुखमय बनता है और परिवार में किसी प्रकार की दरार नहीं आती।

सड़क निर्माण में 50 लाख की कथित वसूली और मारपीट के आरोप बेहद गंभीर : चुम्मन साहू

छुरिया (दावा)। राजनांदगांव-मोहला-मानपुर सड़क निर्माण कार्य के दौरान 50 लाख रुपये की कथित वसूली, गाली-गलौज और मारपीट के मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता चुम्मन साहू ने एक बयान जारी कर कहा कि निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा भाजपा नेता भरत वर्मा के खिलाफ एसपी और पीडब्ल्यूडी विभाग में की गई शिकायत बेहद गंभीर है और यह सत्ता के संरक्षण में चल रही दबाव की राजनीति को उजागर करती है।



जिला कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा सरकार पर बोला हमला, कहा- तत्काल एफआईआर दर्ज कर हो निष्पक्ष जांच

चुम्मन साहू ने आरोप लगाया कि विकास कार्यों में सहयोग करने के बजाय निर्माण एजेंसियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा के अभाव में निर्माण कंपनी को काम बंद करने की चेतावनी देनी पड़े, तो यह प्रशासन और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के दावों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज ठेकेदारों को सड़क बनाने से ज्यादा वसूली और दुर्व्यवहार से बचने की चिंता करनी पड़ रही है।

तत्काल एफआईआर और कड़ी कार्रवाई की मांग

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सड़क जनता की सुविधा के लिए बन रही है, न कि किसी की निजी जागीर के लिए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि प्रोजेक्ट मैनेजर की शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। साहू ने चेतावनी दी कि यदि राजनीतिक रसूख के चलते मामले को दबाने या आरोपियों को बचाने का प्रयास किया गया, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी।

आईटीबीपी पैरामेडिकल स्टाफ को वेक्टर जनित रोगों के रोकथाम, जांच व उपचार का दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आईटीबीपी पैरामेडिकल स्टॉफ के लिए वेक्टर जनित रोगों के रोकथाम, जांच, उपचार एवं नियंत्रण विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन 19 नवंबर को जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में तथा 20 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में प्रायोगिक लैब प्रशिक्षण के रूप में किया गया।



जिला चिकित्सालय राजनांदगांव व सीएचसी डोंगरगढ़ में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस जिला चिकित्सालय आईटीबीपी पैरामेडिकल स्टॉफ को मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम, शीघ्र पहचान, जांच, उपचार एवं नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने मलेरिया रोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मलेरिया रोग की समय पर पहचान एवं उचित उपचार के साथ-साथ रोकथाम संबंधी उपायों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

आईटीबीपी पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यस्थल एवं फील्ड स्तर पर मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। डीपीएम एनएचएम संदीप तामरकर, आईटीबीपी के डीसी/डीजी (उप सेनानी) विनोद सिंह रावत, एसी/डीजी (सहायक सेनानी) राजीव, सिविल सर्जन ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में आईटीबीपी के जवानों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को प्रायोगिक लैब प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रयोगशाला में की जाने वाली विभिन्न जांच प्रक्रियाओं, नमूना संग्रहण, जांच की तकनीक तथा जांच के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानी के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत आईटीबीपी के कुल 6 बैच के पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन प्रशिक्षण बैचों में नारायणपुर, रायपुर, मदुरै, जबलपुर एवं कोंडागांव सहित विभिन्न स्थानों से आईटीबीपी का पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हो रहे है। इस दौरान आईटीबीपी के डीसी/डीजी (उप सेनानी) पार्क्षित साहा एवं डॉ. फिरदोस अख्तर, एसएमओ (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मटन मार्केट पर चला बुलडोजर : सैकड़ों पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में प्रशासन ने चलाया अभियान, मिलेगी नई जगह



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गोल बाजार स्थित लंबे समय से संचालित मटन मार्केट को हटाने के लिए सोमवार, 23 नवंबर को प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई शुरू कर दी। राजगामी संपदा न्यास के निर्णय के तहत दुकानों को हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे। मटन मार्केट हटाने के दौरान मौके पर करीब 100 पुलिस जवान तैनात किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए एसडीएम, एएसपी, सीएसपी, नगर निगम कमिश्नर, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में बुलडोजर के जरिए दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। बताया गया कि राजगामी संपदा न्यास के निर्णय के बाद मार्केट हटाने का फैसला लिया गया था। इस संबंध में संबंधित दुकानदारों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। प्रशासन की योजना के अनुसार, गोल बाजार में संचालित मटन दुकानों को नंदई क्षेत्र में तैयार किए गए नए हाट बाजार में स्थानांतरित किया जाना है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दुकानदारों को वहां कारोबार के लिए जगह उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है।

शहर के गोल बाजार मटन मार्केट को हटाने रात 3 बजे से बुलडोजर कार्रवाई शुरू हुई। मटन मार्केट हटाने के दौरान मौके पर करीब 100 पुलिस जवान तैनात किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए एसडीएम, एएसपी, सीएसपी, नगर निगम कमिश्नर, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

मार्केट हटाने के फैसले पर पहले से था विवाद

गोल बाजार से मटन मार्केट हटाने के फैसले को लेकर लंबे समय से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आती रही हैं। दुकानदारों ने कार्रवाई से आजीविका और कारोबार प्रभावित होने की आशंका जताते हुए विरोध किया था। वहीं, कुछ संगठनों की ओर से गोल बाजार क्षेत्र से मटन मार्केट हटाने की मांग भी की जा रही थी। राजनांदगांव के गोल बाजार से मटन मार्केट हटाने के फैसले को लेकर लंबे समय से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आती रही हैं। दुकानदारों ने कार्रवाई से आजीविका और कारोबार प्रभावित होने की आशंका जताते हुए विरोध किया।

नए बाजार में कारोबार शुरू करना होगी दुकानदारों की चुनौती

प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई शुरू होने के बाद अब दुकानदारों को नंदई के नए हाट बाजार में कारोबार जमाने की चुनौती का सामना करना होगा। दूसरी ओर, गोल बाजार से मटन मार्केट हटने के बाद इस स्थान का भविष्य में किस तरह उपयोग किया जाएगा, इसे लेकर भी शहरवासियों की नजरें प्रशासन के अगले फैसले पर टिकी हैं।

गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा, जनता के हित में घटिया निर्माण के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी- भरत वर्मा

ठेकेदार द्वारा लगाए गए आरोप निराधार, मेरे राजनीतिक और सामाजिक जीवन को बदनाम करने का प्रयास- भरत वर्मा




राजनांदगांव **(दावा)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष भरत वर्मा ने ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उनके विरुद्ध की गई आर्थिक शिकायत को पूरी तरह निराधार बताते हुए कहा कि यह उनके लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन की छवि धूमिल करने का सुनियोजित प्रयास है, जिसका वे उचित और करारा जवाब देंगे।

श्री वर्मा ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी बात रखते हुए कहा कि धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में गंभीर अनियमितता देखी। सड़क निर्माण में मुरूम के स्थान पर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा था, जो स्पष्ट रूप से गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ है। इस पर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराते हुए कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी को बुलाया है, इसलिए अधिकारी के आने तक मिट्टी न फैलाई जाए। लेकिन जब वे वापस लौटकर आए तो वहां मिट्टी फैलाई जा चुकी थी। इस संबंध में पूछताछ करने पर कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार किया और जो करना है कर लो जैसी बातें कहीं। उनके इस रवैये से आक्रोशित होकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाई। श्री वर्मा ने कहा कि इसके बाद ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उनके विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह पूरी तरह निराधार आरोप लगाकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा प्रदेश महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व का निर्वहन भी कर चुके हैं। उनके सार्वजनिक जीवन में आज तक किसी ने उनकी निष्ठा और कार्यशैली पर सवाल नहीं उठाया।श्री वर्मा ने कहा कि कुछ माह पूर्व भी उन्होंने कवर्धा से मानपुर मार्ग के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी शिकायत की थी, जिसके बाद जांच समिति गठित की गई थी। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन निर्माण किया जाना गंभीर चिंता का विषय है। जनता के धन से बनने वाली सड़कों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका विरोध किसी व्यक्ति विशेष से नहीं, बल्कि घटिया निर्माण और जनता के हितों के साथ किए जा रहे खिलवाड़ से है। ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुधारनी ही होगी। जब तक सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं होता, तब तक वे जनहित में अपनी आवाज उठाते रहेंगे।


श्री वर्मा ने दो टूक शब्दों में कहा कि निराधार आरोप लगाकर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिशों से वे पीछे हटने वाले नहीं हैं। जनता के हित, सरकारी धन की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।

















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com